दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 117 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। शनिवार, 28 फरवरी 2026 । फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष द्वादशी , संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



# पीएम आज अजमेर में करेंगे परियोजनाओं का शिलांयास

## बच्चियों में होने वाले कैंसर के रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अजमेर पहुंचेंगे। कायड़ विश्रामस्थली में पीएम की सभा आयोजित होगी। सभास्थल पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही 5 हजार से ज्यादा पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभा स्थल को अपने कब्जे में ले लिया है। जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है। इस दौरान नेशनल हाईवे-8 पर किशनगढ़ से अजमेर के बीच 28 फरवरी को सुबह 6 बजे से भारी वाहनों का डायवर्जन किया जाएगा। जानकारी अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 11 बजे अजमेर पहुंचेंगे। कायड़ विश्रामस्थली के पास बने हैलीपैड पर भाजपा नेताओं की ओर से उनका स्वागत किया जाएगा। पीएम हेलीपैड पर उतरने के बाद 9 से 14 साल तक की बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत करेंगे। इसके बाद मंच पर पहुंचेंगे। यहां 16600 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। 21000 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी दिए जाएंगे। इसके बाद नरेंद्र मोदी सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, स्पीकर वासुदेव देवनानी सहित कई मंत्री और नेता शामिल होंगे।

### युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे

इस अवसर पर प्रधानमंत्री राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में चयनित 21 हजार 863 युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। नियुक्ति पत्र पाने वाले इन युवाओं में 3320 से अधिक पटवारी, 2291 संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक और संविदा लेखा सहायक, 2590 पशुधन सहायक, 3822 सीएचओ, 7357 पब्लिक हेल्थ केयर नर्स, मेडिकल लैब तकनीशियन, तकनीशियन, नर्सिंग प्रभारी, नर्सिंग ट्रेनर, नर्स, नर्स ग्रेड-द्वितीय सहित अन्य नियुक्तियां लैब शामिल हैं।

### पीएम यात्रा को लेकर अजमेर में भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस

प्रधानमंत्री की सभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी की ओर से आम जनता को आमंत्रित किया जा रहा है। इसे लेकर शहर भाजपा की ओर से शुक्रवार को शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देकर मशाल जुलूस निकाला गया। मसाल जुलूस विभिन्न मार्गो से निकाला गया। इस दौरान आम जनता से प्रधानमंत्री की सभा में बड़ी संख्या में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

### इन परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

- प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शहरी विकास, पेयजल आपूर्ति, सड़क, रेलवे, सिंचाई, ऊर्जा और औद्योगिक बुनियादी ढांचे समेत विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 16,686 करोड़ की लागत की 43 प्रमुख परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में लगभग 8,554 करोड़ की 34 परियोजनाएं शहरी विकास, जलदाय विभाग, पीडब्ल्यूडी, ऊर्जा, जल संसाधन एवं उद्योग से संबंधित है। राष्ट्रीय राजमार्ग और ऊर्जा से जुड़ी करीब 8132 करोड़ की 9 प्रमुख परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री 4,516 करोड़ से अधिक की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इनमें लगभग 1207 करोड़ की लागत से बांदीकुई से जयपुर तक 4 लेन का ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-वडोदरा एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के पैकेज 14 सेक्शन में एनएच 76 जंक्शन से एनएच 12 पर उम्मेदपुरा गांव तक 8 लेन कैरिज-वे और प्रदेशभर में राष्ट्रीय राजमार्ग के विस्तार, सुदृढ़ीकरण और चौड़ाईकरण के कार्य शामिल हैं।
- जयपुर में 286 करोड़ से अधिक की लागत के सांगानेर फ्लाईओवर से मालपुरा गेट तक एलीवेटेड रोड, जोधपुर शहर में महामंदिर से अखल्या चौराहे तक 1243 करोड़ की लागत से 4 लेन एलीवेटेड रोड एवं बारां जिले में 322 करोड़ की अनुमानित लागत के मालबमोरी-मांगरोल-बारां राज्य राजमार्ग का शिलान्यास भी करेंगे।
- प्रधानमंत्री नोनेरा वृहद पेयजल परियोजना के 1021 करोड़ से अधिक लागत के 4 पैकेज और परवन अकावद वृहद् पेयजल परियोजना के 2247 करोड़ की लागत के 5 पैकेजों की आधारशिला रखेंगे।
- बिजली के सुगम पारेषण के लिए 3616 करोड़ की पारेषण प्रणाली का लोकार्पण करेंगे। साथ ही 220 केवी के पांच और 400 केवी के दो ग्रिड सब-स्टेशन का शिलान्यास भी करेंगे। जोधपुर पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत संरचना और पेयजल आपूर्ति से संबंधित विभिन्न कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

### दिल्ली शराब नीति केस

## केजरीवाल-सिसोदिया बरी

### कोर्ट बोला- सीबीआई ने साजिश की कहानी गढ़ी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में बरी कर दिया है। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा- दोनों के खिलाफ सबूत नहीं है, आरोप साबित नहीं होता। सीबीआई ने साजिश गढ़ने की कोशिश की, लेकिन उसका सिद्धांत ठोस सबूतों की जगह अनुमान पर था। सीबीआई ने इस मामले में कुल 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। स्पेशल जज जितेंद्र सिंह ने सभी के खिलाफ आरोप तय करने से इनकार करते हुए सभी को बरी कर दिया। जांच एजेंसी ने करीब 6 घंटे बाद दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। सीबीआई ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट से इसे रद्द करने की मांग की है। वहीं, बरी होने के बाद कोर्ट से बाहर मीडिया से बातचीत के दौरान केजरीवाल भावुक हो गए। उन्होंने कहा- मैंने जिंदगी में सिर्फ ईमानदारी कमाई है। आज ये साबित हो गया कि केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी कट्टर ईमानदार हैं।

## कोलकाता सहित बंगाल के कई जिलों में भूकंप, 5.4 तीव्रता

### तेज झटके महसूस हुए, इमारतें हिलीं, लोग सड़कों पर निकले

बढ़ता राजस्थान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित कई जिलों में शुक्रवार दोपहर करीब 1.30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के ढाका स्थित अगरगांव में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई। पश्चिम बंगाल से अगरगांव की दूरी लगभग 26 किलोमीटर बताई जा रही है। झटके इतने तेज थे कि कोलकाता में बहुमंजिला इमारतें कुछ सेकेंड तक हिलती रहीं। अचानक कंपन महसूस होते ही लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए।



## फाइटर हेलिकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरने वाली मुर्मू पहली राष्ट्रपति

### कॉकपिट से देश को मैसेज-वीर सैनिकों को गर्व के साथ धन्यवाद; जय हिंद, जय भारत

बढ़ता राजस्थान

**जैसलमेर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को जैसलमेर एयरफोर्स स्टेशन से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरी। वे हेलिकॉप्टर प्रचंड में बतौर को-पायलट उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति हैं।

राष्ट्रपति ने उड़ान के दौरान हेलिकॉप्टर के कॉकपिट से सैल्यूट किया। राष्ट्रपति मुर्मू इससे पहले लड़ाकू विमान सुखोई और राफेल में उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति बनी थीं। राष्ट्रपति मुर्मू सुबह करीब 9:15 बजे जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पहुंची थीं। सेना के अधिकारियों ने उन्हें हेलिकॉप्टर के बारे में ब्रीफिंग दी। इसके बाद राष्ट्रपति हेलिकॉप्टर के कॉकपिट में बैठीं।

फिर सुबह करीब 10.15 बजे ग्रुप कैप्टन एन.एस. बहुआ के साथ हेलिकॉप्टर में उड़ान भरी। हेलिकॉप्टर में 25 मिनट उड़ान के दौरान राष्ट्रपति ने सीमावर्ती क्षेत्रों और पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज का हवाई जायजा लिया। जैसलमेर के सोनार दुर्ग के ऊपर 'प्रचंड' हेलिकॉप्टर में उड़ान भरते हुए राष्ट्रपति ने रेडियो के माध्यम से देश के नाम संदेश दिया।

## पाकिस्तान-अफगानिस्तान में जंग के हालात

### पाक बोला- 133 अफगान लड़ाके मारे, 200 से ज्यादा घायल

बढ़ता राजस्थान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हालात जंग जैसे हो गए हैं। पाकिस्तान एयरफोर्स ने अफगानिस्तान के कई इलाकों में फिर से एयरस्ट्राइक की है। वहीं तालिबान ने दावा किया है कि उसने इस्लामाबाद के फैजाबाद सैन्य ठिकाने समेत कई अहम ठिकानों को निशाना बनाया।

संघर्ष की शुरुआत गुरुवार रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी हमले के जवाब में कार्रवाई की। टोलो न्यूज के मुताबिक तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने 55 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है।

## राजस्थान में पारा 37 डिग्री सेल्सियस के नजदीक पहुंचा

### दिन गर्म होने लगे, अगले 48 घंटे में पारा 2 डिग्री तक बढ़ने की संभावना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में समय से पहले गर्मी का सीजन आ गया। दिन का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के नजदीक पहुंच गया है। पश्चिमी जिलों के साथ अब पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी जिलों में भी तेज धूप से दिन गर्म होने लगे हैं। जयपुर, अजमेर, उदयपुर समेत कई जिलों में गुरुवार दिन का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम साफ रहने, जबकि अगले 48 घंटे के दौरान तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने और गर्मी बढ़ने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो राज्य के सभी शहरों में गुरुवार दिनभर तेज धूप रही और हल्की गर्मी रही। पश्चिमी जिलों में गर्मी का असर ज्यादा रहा। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर में भी अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज हुई और इन तीनों शहरों का अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ।




### पूर्वी राजस्थान में भी बढ़ने लगी गर्मी

पश्चिमी राजस्थान के बाद अब पूर्वी राजस्थान के जिलों में भी गर्मी बढ़ने लगी। गुरुवार को जयपुर, अजमेर, उदयपुर, गंगानगर, कोटा में अधिकतम तापमान 31 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ। सीकर, सिरोही समेत सभी शहरों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हुआ।

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी 2.0
RUDSICO
सत्यमेव जयते



श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
श्री भजनलाल
मुख्यमंत्री
श्री झाबर सिंह खर्रा
यूडीएच मंत्री

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0)
सबका सपना - घर हो अपना

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0 ) के तहत योग्य लाभार्थी स्वयं के 30 से 45 वर्ग मीटर का पक्का आवास निर्माण हेतु 2.50 लाख की अनुदान राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन कर सकते है।

अनुदान हेतु आवश्यक दस्तावेज एवं पात्रता

1. जिनकी आय 3 लाख से कम हो।
2. शहरी क्षेत्र में स्टीट वेंडर व स्वयं सहायता समूह।
3. पी एम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थी।
4. भवन निर्माण कार्य के श्रमिक मजदूर वर्ग।
5. सफाई कर्मचारी।
6. आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

1. आवेदक का आधार कार्ड एवं आवेदक के परिवार के सदस्यों का आधार कार्ड।
2. आय प्रमाण पत्र।
3. जाति प्रमाण पत्र एससी/एसटी/ओबीसी
4. भूमि दस्तावेज
(i) अनमोदित कॉलौनी के पट्टा या पट्टा योग्य भूमि की रजिस्टर्ड विक्रय पत्र पंजीयन की प्रति
(ii) भूमि का मालिक आवेदक स्वयं हो अन्य होने पर रजिस्टर्ड सहमति पत्र।
(iii) भूमि नगर पालिका सीमा में हो।
(iv) भूखण्ड खाली हो या 21 वर्ग मीटर तक कच्चा निर्माण हो।

पिछले 20 वर्षो मे शहरी या ग्रामीण क्षेत्रो में केन्द्र सरकार या राज्य सरकार की किसी भी आवाशीय योजना के तहत लाभ ना लिया हो

नगर पालिका बाड़ी
अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें
अभिताभ बच्चन मीना
अधिशाषी अधिकारी
मो. 8696103351
निश्चल बनर्जी
मो. 9414847023
तपेश विधूड़ी मो.
9667344774

# बचपन की मुस्कान को मिलेंगे नए पंख : तपोवन खिलौना लाइब्रेरी की अनूठी पहल



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** अक्सर कहा जाता है कि बचपन का सबसे खूबसूरत हिस्सा उसके खिलौने होते हैं। लेकिन समाज की कड़वी सच्चाई यह भी है कि जहाँ एक ओर संपन्न परिवारों में बच्चे बड़े होने के बाद खिलौनों के ढेर अलमारियों में धूल फांकते रह जाते हैं, वहीं दूसरी ओर कई ऐसे बच्चे भी हैं जिनके लिए एक सुंदर खिलौना महज एक सपना बनकर रह जाता है। इसी खाई को पाटने और हर बच्चे के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से तपोवन ट्रस्ट, श्रीगंगानगर द्वारा एक नवीन और प्रेरणादायी प्रकल्प 'तपोवन खिलौना लाइब्रेरी' का शुभारंभ किया जा रहा है।

इस अभियान का मूल मंत्र है—पुराने खिलौने, नई खुशियाँ। इसका उद्देश्य उन खिलौनों को पुनः उपयोग में लाना है जो अब घरों में काम नहीं आ रहे, ताकि वे उन बच्चों के हाथों तक पहुँच सकें जो महंगे खिलौने खरीदने में असमर्थ हैं। यह न केवल संसाधनों के सदुपयोग का एक बेहतरीन उदाहरण है, बल्कि समाज में साझा करने की संस्कृति को भी बढ़ावा देता है।

इस प्रकल्प की सबसे विशेष और गौरवशाली बात यह है कि इसकी नींव और संचालन की जिम्मेदारी बच्चों और महिलाओं ने ही उठाई है। आदित्री, अक्षित और दिव्यांशी जैसे बच्चों ने जब मॉल और बाजारों में दूसरे बच्चों को खिलौनों के लिए तरसते देखा, तो उनके मन में यह विचार आया कि क्यों न कुछ ऐसा किया जाए जिससे हर बच्चे का बचपन खुशहाल हो सके। यही विचार आज एक संस्थागत रूप ले चुका है, जिसका सार-संभाल पूरी तरह से महिलाओं और बच्चों के दल द्वारा किया जाएगा।

# प्रत्येक गांव में लाभार्थियों की पहचान कर सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करें- डॉ रावत

## महाराणा प्रताप संसदीय संकुल परियोजना की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** महाराणा प्रताप संसदीय संकुल परियोजना, चावण्ड (सलूम्बर) में जनजाति उपयोजना क्षेत्र में चिकित्सा, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, वानिकी विकास, वनोपज, कृषि विपणन एवं कृषि प्रसंस्करण की संभावनाओं पर चर्चा के लिए शुक्रवार को महाराणा प्रताप वनवासी कल्याण आश्रम, चावण्ड (सलूम्बर) में समन्वय बैठक आयोजित हुई।

सांसद डॉ मन्नालाल रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, एनजीओ प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे। बैठक में महाराणा प्रताप संसदीय संकुल परियोजना में चयनित गांवों में सिचुएशन लेवल तक सरकार की योजनाओं के लाभ दिलाने पर चर्चा की गई। सांसद डॉ रावत ने प्रत्येक गांव में लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश प्रदान दिए। सांसद डॉ रावत ने कहा कि संसदीय संकुल बैठक का मूल उद्देश्य स्थानीय स्तर पर आजीविका के साधन उपलब्ध कराना व रोजगार के लिए हो रहे पलायन को रोकना है इसलिए इस पर गंभीरता से काम होना चाहिए। बैठक में सांसद मन्नालाल रावत, वनवासी कल्याण परिषद से जगदीश कुलमी, सलाड़ा मंडल अध्यक्ष करण जोशी, भाजपा देहात महामंत्री चन्द्र शेखर जोशी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी गण भी उपस्थित रहे। इस योजना में सराडा ब्लॉक में खेरकी, खाटीबोर, मेकात फला, मकात, कउजाफला, झालरदेवी, ससेई, बडोली, डायली, केवडी, बामणिया, कलात, करमा तालाब, अंबाला, डेकली, धोला दांता, मूंडला, पासर्सिया, ढालीमेराणा, केरपुर तथा जयसमंद ब्लॉक में धावडिया व कतिला गांव चयनित किए गए हैं।

# भूतेश्वर धाम में गजानंद जी महाराज की चादरपोशी श्रद्धा व भक्ति के साथ सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** क्षेत्र के समीप स्थित पावन तीर्थ भूतेश्वर धाम में आज 27 फरवरी को आध्यात्मिक आस्था, संत सानिध्य और श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति के बीच गजानंद जी महाराज की चादरपोशी का भव्य आयोजन श्रद्धा-भाव के साथ सम्पन्न हुआ। धाम के पूज्य संत श्री श्री 1008 रामानंद जी महाराज के परम शिष्य गजानंद जी महाराज की चादरपोशी रामरीछपाल दासजी महाराज त्रिवेणी धाम, बलदेव दासजी महाराज दाऊधाम काला कोटा, प्रहलाद दास महाराज कुण्डा धाम, रतिराम दासजी महाराज, माधव दासजी महाराज खेड़ा सरपंच, कृष्ण दासजी महाराज नृसिंह धाम निमोद, रामदासजी महाराज लीलका धाम, मदन दासजी धांधोड़ा धाम खोहरी, आदित्य कृष्ण गिरी महाराज दिल्ली विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई। संत-महात्माओं के आशीर्वचनों से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो उठा। दूर-दराज़ के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचे और गुरु परंपरा के इस पावन क्षण के साक्षी बने।

# रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी के परिणाम काफी सकारात्मक

## 30 वर्ष से कम उम्र के 30 प्रतिशत रोगियों में घुटना दर्द की समस्या बढ़ी : डॉ.आशीष सिंघल

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** पारस हेल्थ हॉस्पीटल के कन्सलटेन्ट रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सर्जन डॉ.आशीष सिंघल ने कहा कि घुटनें दर्द होनें की शुरूआत होने पर तुरन्त संबधित चिकित्सक से परामर्श लेने पर अपने घुटनों को और अधिक खराब होने से रोका जा सकता है। वे शुक्रवार को रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा रोटरी बजाज भवन में आयोजित घुटनों के जोड़ों की देखभाल कैसे करें विषयक वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ बुरी आदतों एवं व्यायाम नहीं कर पाने के कारण 30 वर्ष से कम उम्र के 30 प्रतिशत रोगियों में घुटनों की समस्याएं सामनें आ रही है। उन्हेंने कहा कि किसी भी जोड़ के घिसने पर उससे होने वाले दर्द को ओस्टियो आर्थराईटिस कहा जाता है। डॉ. सिंघल ने कहा कि यदि घुटनों में दर्द, मोडनें पर घुटनों में आवाज आती है तो ओस्टियो आर्थराईटिस की शुरूआत कहीं जाती है। घुटना ओस्टियो आर्थराईटिस में उम्र,आनुवांशिकी व वजन



की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जिसमें आयु व आनुवांशिकी के अलावा वजन कम करना आपके हाथ में रहता है। इस पर पूरा ध्यान देना चाहिये। कार्टिलेज घिसने पर घुटनों का दर्द बढ़ जाता है। 97 प्रतिशत रोगियों को घुटनों के अन्दर की ओर दर्द शुरू हो जाता है। घुटनों की सर्जरी से बचनें के लिये वजन कम करना,1 किग्रा वजन कम करने पर 7 गुना फोर्सेस कम हो जाते है,साईकिलिंग करना चाहिये। घुटना दर्द रोगी को नीचे बैठने से परहेज करना चाहिये।

डॉ.सिंघल ने कहा कि घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी में रोबोटिक सर्जरी के परिणाम काफी सकारात्मक रहते है। विगत 2 वर्ष में यहां पर 1600 से अधिक रोबोटिक घुटना सर्जरी हुई है। उन्होंने कहा कि जीवन में सही खाना खायें,मोबाईल का उपयोग कम करें,सहीं खेलें,सहीं दौड़े और नियमित व्यायाम करना चाहिये।

प्रारम्भ में क्लब अध्यक्ष दीपक मेहता ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि वर्तमान में बढ़ रही घुटनों की समस्या का समय पर समाधान के लिये चिकित्सक परामर्श लेना चाहिये। अस अवसर पर श्रीमती राजेन्द्र चैहान ने ईश वंदना प्रसतुत की। सहायक प्रान्तपाल अनिल छाजेड़ ने डॉ. आशीष सिंघल का परिचय दिया। एम सी सिंघवी ने डॉ.सिंघल को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। अंत में संयुक्त सचिव सुरेन्द्र जैन ने आभार ज्ञापित किया। वार्ता में अनेक रोटरी सदस्य मौजूद थे।

# बिजली करंट से झुलसे किसान की जयपुर में उपचार के दौरान मौत

- 15 फरवरी को डॉयले का पुरा में हुआ था हादसा
- कंचनपुर पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र के नीमखेड़ा ग्राम पंचायत के डोयले का पुरा गांव में 15 फरवरी को लाइट नहीं आने पर पोल पर लगे ट्रांसफार्मर के पास लाइट का पता लगाने गए 33 वर्षीय किसान बिजली करंट में बुरी तरह झुलस गया था। जिसकी जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। मृतक के शव को परिजन बाड़ी अस्पताल लेकर आये,जहां शुक्रवार को सुबह कंचनपुर थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। घटना को लेकर मृतक के भाई अनूप सिंह पुत्र जंडेल सिंह ने कंचनपुर थाने में रिपोर्ट दी है।

मृतक के भाई अनूप सिंह ने बताया कि उनका 33 वर्षीय भाई बबलू पुत्र अमर सिंह गुर्जर गांव में खेती-बाड़ी का काम करता था। जिसके दो छोटे-छोटे बच्चे है। जो 15 फरवरी को सुबह लाइट नहीं आने पर पास के पोल पर लगे ट्रांसफार्मर पर देखने गया था। जहां अचानक उसको करंट लग गया।

जब उन्हें सूचना मिली तो तुरंत मौके पर पहुंचे,जहां से सीधे झुलसे हुए बबलू को जिला अस्पताल लेकर गए। जहां से रेफर किए जाने पर आगरा के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती किया गया। जब तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो उसे महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर लेकर गए थे। जहां पिछले कई दिन से उपचार चल रहा था। गुरुवार की रात उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। ऐसे में शव को बाड़ी अस्पताल लेकर आये। घटना को लेकर उन्होंने पुलिस को रिपोर्ट दी है। कंचनपुर थाने के हेड कांस्टेबल भवानी सिंह ने बताया कि घटना 15 फरवरी की है। जहां 33 वर्षीय बबलू को करंट लगा था। घटना के बाद उसका उपचार चल रहा था। जिसकी देर रात मौत हो गई। ऐसे में शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।



# शहर में आंवला एकादशी पर महिलाओं ने रखा व्रत,आंवले के वृक्ष की हुई पूजा

## भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी से जुड़ा है आंवले का वृक्ष, एकादशी पर पूजा का महत्व



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** फागुन माह के शुक्ल पक्ष की 11वीं तिथि को फाल्गुन एकादशी,आंवला एकादशी या आवलिका एकादशी के नाम से जाना जाता है। होली के त्योहार से पूर्व आने वाली इस एकादशी से कई जगहों पर होली के पांच दिवसीय त्यौहार की शुरुआत हो जाती है। ऐसे में शुक्रवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में जगह-जगह आंवला एकादशी मनाई गई। जिसमें महिलाओं द्वारा आंवले के वृक्षों की पूजा करने के साथ उसकी परिक्रमा लगा,कहानी सुन भोग प्रसादी लगाई।

अग्रवाल धर्मशाला मंदिर के पुजारी रामकुमार शर्मा ने बताया कि आंवला एकादशी को भगवान विष्णु आंवले के वृक्ष के नीचे विराजे थे और इस दिन वे अपने भक्तों की हर मनोकामना को पूर्ण करते हैं। ऐसे में शास्त्रों में बताया है कि इस दिन पूर्ण रूप से निराहार व्रत रख यदि आंवले की पूजा की जाए और उसकी परिक्रमा लगाई जाए तो हर मनोकामना पूर्ण होती है। आंवला एकादशी पर शहर के अग्रवाल धर्मशाला स्थित मंदिर पर जहां महिलाओं की अपार भीड़ देखने को मिली। वहीं सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यालय में स्थित आंवले के पेड़ों पर महिलाएं सुबह से ही परिक्रमा करते हुए देखी गई।

# वरिष्ठ सुरों की मंडली के होली मिलन समारोह का अशोका पैलेस में हुआ पोस्टर विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** शहर की प्रसिद्ध संगीत प्रेमियों की संस्था वरिष्ठ सुरों की मंडली की ओर से आगामी 1 मार्च को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शोभागपुरा स्थित मधुश्री बैंक्वेट हॉल (अशोका पैलेस) में होने वाले इस कार्यक्रम के पोस्टर का शुक्रवार को विमोचन किया गया।

यह रंगारंग कार्यक्रम 1 मार्च को शाम 4 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर मुकेश माधवानी ने बताया कि वरिष्ठ सुरों की मंडली की ओर से आयोजित इस समारोह में गीतों, भजनों और फाग उत्सव के माध्यम से होली का आनंद लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ जनों और संगीत प्रेमियों के बीच मेल-जोल बढ़ाना और खुशियाँ बांटना है। पोस्टर विमोचन के दौरान सुरों की मंडली के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश माधवानी, हेमा जोशी, एच. काजी, राजकुमार




बाफना और प्रेमलता कुमावत सहित मंडली के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सदर पुलिस ने छह महीने से फरार चल रहे दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा

## महिला से फेसबुक पर मित्रता कर बनाये थे नाजायज संबंध,बाद में छोड़कर हुआ फरार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड की सदर थाना पुलिस ने फेसबुक पर फ्रेंडशिप कर महिला से नाजायज संबंध बनाने और बाद में उसे छोड़ देने के मामले में कार्रवाई करते हुए 6 महीने से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसे चिकसाना रूपवास से पकड़ा गया है। आरोपी के खिलाफ थाने पर दर्ज मामले में पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

सदर थाना अधिकारी मोहर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर वांछित अपराधियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। उक्त अभियान के तहत थाने पर दर्ज मामलों में वांछित चल रहे आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। थाने पर 6 महीने पहले एक महिला ने मामला दर्ज कराया की थाना क्षेत्र के अतिराजपुरा खिरकारी निवासी युवक रामराज पुत्र रामजीलाल गुर्जर ने उससे फेसबुक पर मित्रता की बाद में अपने जाल में फंसाकर कई बार उसके साथ नाजायज संबंध बनाए। अब आरोपी उसके साथ नहीं रहना चाहता और उसे छोड़कर भाग गया है।

मामले को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी रामराज पुत्र रामजीलाल गुर्जर की तलाश शुरू की और आरोपी रामराज गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। जिससे थाने पर दर्ज मामले में पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# 75 मीटर नियम की जद में दरगाह स्थल आने से मुस्लिम समुदाय में चिंता, जगह गई तो दफन के लिए भी संकट

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा ( नि.स. )।** कस्बे में राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े 75 मीटर नियम को लेकर मुस्लिम समुदाय में गहरी चिंता व्याप्त है। शुक्रवार को कस्बे के मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रागपुरा शाही जामा मस्जिद के सदर आमीन मंसूरी के नेतृत्व में पावटा एसडीएम डॉ. साधना शर्मा को ज्ञापन सौंपकर अपनी आशंकाओं से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया कि प्रागपुरा हाइवे के निकट स्थित बाबा हजरत मोहम्मद कबिरूद्दीन शाह मस्जिद एवं दरगाह स्थल राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर की



मुख्यपीठ द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय राजमार्ग के केंद्र बिंदु से 75 मीटर की परिधि के दायरे में आ रहा है। समुदाय का कहना है कि यदि न्यायालय के आदेशों की पालना में दरगाह स्थल की भूमि प्रभावित होती है, तो भविष्य में शवों को दफनाने के लिए पर्याप्त स्थान का अभाव उत्पन्न हो जाएगा। सदर आमीन मंसूरी ने कहा कि यह स्थल केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि वर्षों से समुदाय की सामाजिक और धार्मिक परंपराओं से जुड़ा स्थान है। उन्होंने कहा, यदि यह जगह चली जाती है तो हमारे सामने दफनाने के लिए भी पर्याप्त भूमि नहीं बचेगी। यह केवल जमीन का नहीं, हमारी परंपरा और अस्मिता का प्रश्न है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुस्तफा लुहार, समीर लुहार, असलम शेख फारूकी, अमर सिंह आर्य, इस्लामुद्दीन, इमरान लुहार, महमूद खां, सोहिल खान बटीयारा सहित अन्य समाजजन भी मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब उद्यम के वर्ष 2026-27 के देवेन्द्र चैधरी अध्यक्ष, सुरभि गांधी सचिव बनीं



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उद्यम की आज आयोजित बैठक में सभी सदस्यों की सहमति से सत्र 2026-27 की नेतृत्व टीम का चयन किया गया। क्लब अध्यक्ष वैभव शर्मा ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए अध्यक्ष के रूप में रोटेरियन देवेन्द्र चैधरी एवं सचिव के रूप में रोटेरियन डॉ. सुरभि गांधी का मनोनयन किया गया। रोटरी क्लब उद्यम पिछले 4 वर्षों से समाज के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर निरंतर कार्य करता आ रहा है। क्लब दोनों के सक्षम नेतृत्व में और भी नये आयाम स्थापित करेंगा और समाज सेवा के क्षेत्र में अपना योगदान और अधिक प्रभावशाली रूप से देगा।

# खेलना में टीलाजी महाराज का विशाल मेला 4 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे से लगभग 3 किलोमीटर दूर ग्राम खेलना स्थित संत शिरोमणि टीलाजी महाराज की तपोस्थली पर प्रतिवर्ष धूलंडी के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। ऊंचे टिले पर विराजमान यह पावन धाम आसपास ही नहीं, बल्कि दूरदराज क्षेत्रों के श्रद्धालुओं की गहरी आस्था का केंद्र है। खेलना गांव अपनी विशिष्ट धार्मिक परंपराओं के लिए विशेष पहचान रखता है। यहां वृक्ष को ही टीलाजी महाराज का स्वरूप मानकर पूजा की जाती है। मेले की सबसे अनूठी विशेषता यह है कि यहां कोई भी एक-दूसरे को रंग या गुलाल नहीं लगाता। होली का पर्व यहां भजन, सत्संग और विशेष पूजा-अर्चना के माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण में मनाया जाता है। श्रद्धालु मंदिर परिसर में स्थित झाल




के पेड़ पर मनोकामना पूर्ण होने की आशा से पवित्र डोरी बांधते हैं। मान्यता है कि इच्छा पूर्ण होने पर भक्त पुनः आकर वह डोरी खोलकर मंदिर में अर्पित करते हैं। मंदिर के पुजारी गजानंद टीलावत के अनुसार इस धाम का इतिहास मुगल काल से जुड़ा हुआ है।

जनश्रुति है कि अजमेर जाते समय सम्राट अकबर यहां रुके थे। सेना के भोजन की व्यवस्था को लेकर स्थानीय शासक द्वारा टीलाजी महाराज से प्रार्थना की गई और चमत्कारिक रूप से पूरी सेना के लिए भोजन उपलब्ध हो गया। इस घटना से प्रभावित होकर अकबर स्वयं संत के दर्शन हेतु पहुंचे थे।

मंदिर परिसर के समीप स्थित 'गुण की गुफा' भी श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है, जहां संत टीलाजी महाराज द्वारा कठोर तपस्या किए जाने की मान्यता है। आज भी यह स्थान साधना और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। खेलना गांव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की मिसाल भी पेश करता है। गांव में पेड़ काटने पर पूर्ण प्रतिबंध है। ग्रामीणों की मान्यता है कि वृक्षों में देवताओं का वास होता है और उन्हें हानि पहुंचाना अपशकुन माना जाता है। इस प्रकार यह धाम आस्था, इतिहास और प्रकृति संरक्षण का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। श्री टीला द्वाराचार्य सेवा समिति के अध्यक्ष विष्णु कुमार टीलावत ने जानकारी दी कि इस वर्ष 3 मार्च को होली पर ग्रहण काल होने के कारण मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। अतः मेला 4 मार्च, बुधवार को आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने के लिए कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। आयोजन में रणजीत सिंह शेखावत, पूर्व सरपंच मुरारी लाल, रमेश चंद, काशीराम, जगदीश प्रसाद सेन, राजेश कुमार, सत्य प्रकाश, महेंद्र कुमार, सत्यनारायण टीलावत, भैरूराम यादव, विजय कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

# डेयरी मंत्री ने ली जिला दुग्ध संघों की बैठक-बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन पर की विस्तृत समीक्षा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** गोपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में शुक्रवार को राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (आरसीडीएफ) से संबद्ध जिला दुग्ध संघों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में की गई बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में हनुमानगढ़, सीकर, जोधपुर, जैसलमेर, पाली, उदयपुर, भरतपुर, चूरू, कोटा तथा अलवर जिला दुग्ध संघ के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी संघों द्वारा अपने-अपने जिलों से संबंधित परियोजनाओं की प्रगति, स्वीकृत राशि, तकनीकी स्वीकृति एवं क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में समित शर्मा, सचिव, पशुपालन एवं गोपालन विभाग के सचिव समित शर्मा तथा आरसीडीएफ की प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज द्वारा बजट घोषणाओं की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष मीनेश शाह तथा वित्त विभाग के संयुक्त सचिव भारती दीक्षित विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड को 1000 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 2000 करोड़ रूपये किए जाने के निर्णय पर विशेष चर्चा की गई। इस महत्वपूर्ण वृद्धि के लिए सभी जिला दुग्ध संघों के अध्यक्षों द्वारा राज्य सरकार एवं मंत्री श्री जोराराम कुमावत का आभार व्यक्त किया गया। बजट घोषणाओं के अनुमानों के संबंध में यह अवगत कराया गया कि कुछ परियोजनाओं में एनडीडीबी द्वारा तैयार किए गए अनुमान, बजट घोषणा में स्वीकृत राशि से अधिक हैं। इस पर यह सहमति बनी कि जिला दुग्ध संघों से संबंधित परियोजनाओं के लिए तकनीकी अनुमान एनडीडीबी द्वारा तैयार किए जाएंगे। बैठक में सभी जिला दुग्ध संघों द्वारा सर्वसम्मति से एनडीडीबी को परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में चयनित किए जाने का अनुमोदन किया गया। तथापि यह स्पष्ट किया गया कि यह अनुमोदन प्रारंभिक प्रकृति का होगा, जो कि वित्त विभाग की स्वीकृति के अधीन रहेगा। श्री कुमावत ने राज्य की सहकारी डेयरी संरचना को सुदृढ़ करने एवं बजट घोषणाओं के समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समन्वित प्रयासों पर बल दिया।

## मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** मुख्यमंत्री रोजगार मेले के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 28 फरवरी शनिवार को प्रातः 10 बजे से पंचायत समिति कोटपूतली के सभागार में होगा

इस दौरान जिला स्तर के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में अजमेर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअली प्रसारण किया जावेगा। जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्य आवंटित करते हुये समुचित तैयारी यथासमय सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिये एसडीएम कोटपूतली को समग्र प्रभारी एवं सीएमएचओ को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## जयपुर बना ग्लैमर का केंद्रः मिस यूनिवर्स राजस्थान और मिस टीन का भव्य आगाज़

- अब राजस्थान की बेटियां करेंगी विश्व मंच पर प्रतिनिधित्व

बढ़ता राजस्थान



जयपुर (का.स.)। राजस्थान की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से मिस यूनिवर्स राजस्थान 2026 और मिस टीन राजस्थान 2026 का भव्य आधिकारिक शुभारंभ राजधानी जयपुर में हुआ। इस वर्ष इन प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं की आधिकारिक फ्रेंचाइजी शुभ स्टार के पास है। जो प्रदेश की युवतियों को विश्व पटल पर चमकने का अवसर प्रदान करेगी। स्टेट डायरेक्टर शुभम कुमार ने बताया कि यह मंच केवल एक सौंदर्य प्रतियोगिता नहीं,बल्कि राजस्थान की युवतियों के सपनों को पंख देने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि यहां से चयनित प्रतिभागी मिस यूनिवर्स इंडिया के मंच तक पहुंचेंगी और आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर सकती हैं। शुभम कुमार ने राष्ट्रीय निदेशक निखिल आनंद और फ्रेंचाइजी डायरेक्टर अमजद खान का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि राजस्थान एक बार फिर देश को गौरवान्वित करेगा। वहीं इस कार्यक्रम में राजस्थान के अरुण कुमार सिंह का भी अहम योगदान रहा। इसके अलावा इस कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण मिस यूनिवर्स राजस्थान 2025 शीना पराशर रहीं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह मंच व्यक्तित्व विकास,आत्मविश्वास और अनुशासन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रदेश की युवतियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी झिझक छोड़कर आगे आएं और अपने सपनों को साकार करें।

आयोजन टीम की प्रमुख सदस्य मोनिका सिंह ने स्पष्ट किया कि संस्था का ध्येय केवल सौंदर्य तक सीमित नहीं है,बल्कि ऐसी रोल मॉडल तैयार करना है जो समाज को प्रेरित कर सकें। वहीं, ज्योत्सना राय ने पंजीकरण प्रक्रिया की जानकारी साझा की।

## स्वतंत्रता सेनानी पं. चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के आजाद चौक स्थित तहसील परिसर के रामलीला मंच पर शुक्रवार को अमर शहीद पं. चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रबुद्धजनों और स्थानीय नागरिकों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

**शौर्य और राष्ट्रभक्ति पर बल :** सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि संसार में शौर्य से बढ़कर कुछ भी नहीं है। एक वीर पुरुष ही समाज और राष्ट्र की रक्षा करता है, और पूरी दुनिया वीरों के साहस के दम पर ही टिकी रहती है। वक्ताओं ने पं. आजाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहाःसमर्पणः आजाद ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना तन, मन और संपूर्ण जीवन न्योछावर कर दिया। संकल्पः उनका आजाद रहने का संकल्प और अदम्य साहस आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। अमर बलिदान- मां भारती की रक्षा और स्वाभिमान के लिए दिया गया उनका बलिदान इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में सदैव अंकित रहेगा।

## गुरु कमल चंद्रोशन गौ सेवा ट्रस्ट ने किया घायल नीलगाय का सफलतम रेस्क्यू

उदयपुर। गुरू कमल चन्द्रोशन गौ सेवा ट्रस्ट के संस्थापक संजय जैन एवं रेसक्यू टीम ने आज शाम को 5 बजे डबोक मेड़ता रोड़.पर पानी में गिरे नीलगाय के बच्चें को रेसक्यू कर बचाया। संयज जैन ने बताया कि मेड़ता रोड़ स्थित एक विद्यालय के कुछ बच्चें और एक मेहता परिवार ने फोन कर जानकारी दी कि एक नीलगाय का बच्चा पानी में गिर गया है। जानकारी मिलते ही संस्थापक संजय जैन ने तुरंत अपनी रेस्क्यू टीम को अवगत कराया और पूरी टीम के साथ डबोक मेड़ता पहुंचे। कड़ी मेहनत और लगातार 3 घंटे के प्रयास के बाद घायल नीलगाय के बच्चे को रेस्क्यू किया गया और घायल अवस्था में लाकर उसका उदयपुर स्थित अपना घर गौशाला में जाकर ईलाज कराया और उसे चिकित्सा सुविधा प्रदान की।

## एकादशी पर बाबा श्याम ने किया नगर भ्रमण, नीले घोड़े पर सवार होकर निकली रथयात्रा

बढ़ता राजस्थान



**खाटूश्यामजी (नि.स.)।** सीकर जिले के खाटूश्यामजी कस्बे के प्रसिद्ध बाबा की धार्मिक नगरी में बाबा श्याम के वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेले के तहत आठ दिवसीय लक्खी मेले के सातवें दिन एकादशी के पावन अवसर पर आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। शीश के दानी बाबा श्याम नीले घोड़े पर विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। रथयात्रा का शुभारंभ बाबा श्याम मंदिर परिसर से हुआ जो मुख्य बाजार होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुंची।रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बाबा श्याम के जयकारों से पूरा खाटू धाम गूंज उठा। श्रद्धालु रथ को छूकर आशीर्वाद लेने के लिए आतुर नजर आए जिससे मार्गों पर श्रद्धा और उत्साह का सैलाब दिखाई दिया। जगह-जगह फूलों की वर्षा और भजनों की मधुर धुनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

फाल्गुनी लक्खी मेले के चलते देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन कर रहे हैं। मंदिर प्रशासन और स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि श्रद्धालु सुगमता से बाबा श्याम के दर्शन कर सकें। खाटू धाम में इन दिनों भक्ति, विश्वास और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। रथ यात्रा के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत, एवं मेले से जुड़े संबंधित अधिकारी एवं स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

## उदयपुर पुलिस का ऑपरेशन बोरतलाई :अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री का पर्दाफाश, पिता और दो बेटों समेत 3 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

- 7 देशी बंदूकें और भारी मात्रा में निर्माण सामग्री जब्त; भीण्डर पुलिस ने घर में चल रहे गन फैक्ट्री के रसूख को किया जमींदोज

**जयपुर (का.स.)।** जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध हथियार धरपकड़ अभियान के तहत भीण्डर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बोरतलाई गांव में दबिश देकर एक अवैध हथियार निर्माण कारखाने का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से बनी हुई और अर्धनिर्मित बंदूकें जब्त कर एक ही परिवार के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

एसपी गोयल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा अंजना सुखवाल एवं वृताधिकारी वल्लभनगर राजेन्द्र सिंह जैन के सुपरविजन में थानाधिकारी रामकुमार भादू (प्रशिक्षु आरपीएस) के नेतृत्व में इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बोरतलाई निवासी किशनलाल अपने दो पुत्रों के साथ मिलकर बिना किसी लाइसेंस के अपने घर पर बंदूकें बनाने का कारखाना संचालित कर रहा है।

भारी मात्रा में हथियार और उपकरण बरामद

पुलिस टीम ने चिन्हित स्थान पर छापा मारा, जहां मौके से 05 एकनाल टोपीदार बंदूकें, 02 आधी बनी हुई बंदूकें, बंदूक बनाने के लिए काम में आने वाले औजार, कच्चा माल और अन्य उपकरण बरामद हुए। जांच में सामने आया है कि आरोपी इन बंदूकों का अवैध रूप से निर्माण कर उन्हें बाजार में विक्रय करने की फिराक में थे। पुलिस ने मौके से आरोपी पिता किशन लाल पुत्र उंकार और दोनों बेटों हेमराज व हीरालाल निवासी बोरतलाई मोड, थाना भीण्डर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह परिवार कब से इस धंधे में लिप्त था और अब तक किन-किन लोगों को इन्होंने हथियार सप्लाई किए हैं।

## स्कॉर्पीयो कार से 503 किलोग्राम डोडा चूरा और तीन अलग अलग नंबर की प्लेट जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** चित्तौड़गढ़ जिले की कपासन थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत बडी कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक स्कॉर्पीयो कार से 503 किलोग्राम डोडा चूरा जब्त किया है। कार से तीन अलग अलग नंबर की प्लेट मिली हैं। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत मादक पदार्थों के भंडारण एवं तस्करी के विरूद्ध अधिकाधिक कार्यवाही करने के लिये एएसपी चितौडगढ सरिता सिंह एवं थानाधिकारी कपासन सुनील कुमार व पुलिस जाप्ता द्वारा रात को सुरपुर से हथियाना आने वाले रोड पर नाकाबंदी की जा रही हैं।

## रोटरी क्लब रींगस ने किया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का समापन

बढ़ता राजस्थान



**रींगस (नि.स.)।** रोटरी क्लब रींगस द्वारा विश्व प्रसिद्ध खाटूश्याम जी मंदिर के वार्षिक फाल्गुन लक्खी मेला 2026 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा हेतु खाटू रोड स्थित रुकमणी गार्डन गेट पर 22 फरवरी से 27 फरवरी तक संचालित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का विधिवत समापन किया गया।क्लब अध्यक्ष अर्जुन सिंह लांबा ने बताया कि शिविर का संचालन जेएनयू हॉस्पिटल जयपुर के सहयोग से किया गया। शिविर में जेएनयू हॉस्पिटल जयपुर की टीम द्वारा एलोपैथिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। डॉ. अजय सक्सेना, डॉ. गौरव परिहार एवं जगदीश प्रसाद द्वारा होम्योपैथिक उपचार, डॉ. भंवर सिंह ताखर द्वारा फिजियोथैरेपी चिकित्सा तथा पी.एस. राजपूत द्वारा आयुर्वेद एवं घरेलू नुस्खों से उपचार किया गया।

महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं 'स्वच्छ भारत अभियान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से क्लब द्वारा मीरा युग फाउंडेशन के सौजन्य से राजकोट की प्रसिद्ध कंपनी पैन हेल्थ एण्ड हाईजीन के सहयोग से महिला श्रद्धालुओं को 'एवरटीन पीरियड केयर" सेनेटरी पैड एवं डायपर का निःशुल्क वितरण किया गया। शिविर में भामाशाह के रूप में आरएसडब्ल्यूएम, जेएनयू हॉस्पिटल एवं हॉस्पिटल की फार्मा कंपनी के मुकेश अग्रवाल, सीसीए शिक्षण संस्थान, ताखर हॉस्पिटल, सांवरमल बाजिया, सरदार मान एवं योगेश अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा। कैंप में रोटेरियन डॉ. अजय सक्सेना, कविता सक्सेना, डॉ. भंवर सिंह ताखर, डॉ. विनोद कुमार गुप्ता, रघुनाथ जाट, अर्जुन सिंह लांबा, राजेंद्र यादव, झाबरमल बिजारणिया, सुभाष बिजारणिया, एडवोकेट दीपक बाजिया, मुकेश शर्मा, सरदार मान एवं ताराचंद सहित अन्य सदस्यों ने सेवा दी। झाबरमल निठारवाल के नेतृत्व में सीसीए शिक्षण संस्थान के स्काउट्स द्वारा भी सराहनीय सेवाएं प्रदान की गईं। समापन समारोह में श्री श्याम परिवार संघ पंजाब (बठिंडा) से विनोद अग्रवाल एवं दिनेश गुप्ता, श्री श्याम गौ सेवा संघ मनोहरपुर से संतोष अग्रवाल, जेएनयू हॉस्पिटल जयपुर से मैनेजिंग हेड राजेंद्र मिठारवाल, आरएसडब्ल्यूएम रींगस से आशीष नैनवाल, सुभाष चंद्र खत्री, देवेंद्र त्रिपाठी, अर्जुन सिंह, डॉ. बलबीर सिंह ताखर एवं डॉ. राशि अग्रवाल मंचस्थ रहे। स्काउट प्रभारी झाबर निठारवाल, बनवारी लाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मांडवा पुलिस और डीएसटी का ऑपरेशन त्रिनेत्र: 426 किलो अवैध गांजा और 256 किलो अफीम के पौधे जब्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत माण्डवा पुलिस ने नशे के सौदागरों की कमर तोड़ दी है। पुलिस ने जिला विशेष टीम की सटीक सूचना पर भागा फला गांव खापा में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ जब्त किए हैं। एसपी गोयल ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी भूरा गमेती पुत्र रावता के ठिकानों पर अचानक छापेमारी की, जहाँ आरोपी के घर से विभिन्न कट्टों में भरा हुआ लगभग 55 किलो सूखा गांजा, खेतों में अवैध रूप से उगाई गई 256 किलो अफीम की फसल और खेतों में ही लहरा रही 120 किलो गीला गांजा की फसल उखाड़कर जब्त कर लिया। पुलिस की भनक लगते ही आरोपी भूरा गमेती दुर्गम पहाड़ी इलाका होने के कारण फरार हो गया।

# मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किसानों, युवाओं व महिलाओं के नाम लिखी पाती

## विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों व निर्णय की दी जानकारी, क्यूआर कोड से मिलेगी जानकारी व सुविधा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा युवाओं, किसानों व महिलाओं के लिये पाती लिखी गई है। जिले में इस पाती के वितरण की शुरूआत किसानों, महिलाओं, युवाओं को पाती वितरण के साथ हुई।

किसानों के नाम पाती- उप निदेशक कृषि लीलाराम जाट ने बताया कि पाती के माध्यम से जानकारी दी गई है कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि 06 से बढ़ाकर 09 हजार रुपये की गई हैं। इससे प्रदेश के 76 लाख से अधिक किसानों को अब तक 11 हजार करोड़ रुपये से अधिक राशि सीधे बैंक खातों में प्राप्त हुई है। वीबी-जीरामजी के माध्यम से अब किसानों को 125 दिनों का रोजगार और आय सुरक्षा निश्चित होगी। राजस्थान कृषक समृद्धि योजना के तहत गेहूं खरीद पर दिए गए बोनस से 2.67 लाख किसानों को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि किसानों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में 03 हजार 481 करोड़ रुपये की सहायता दी गई हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 06 हजार 415 करोड़ रुपये के दावों का भुगतान किया गया है। राज्य सरकार ने सिंचाई और ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार किये हैं। करीब 01 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की नई सुविधायें विकसित की गई हैं। बिजली बिलों में 48 हजार 591 करोड़ रुपये की सब्सिडी और 02 लाख से अधिक नये कृषि कनेक्शन दिए गए हैं। किसानों की आय बढ़े तथा उन्हें मेहनत का पूरा मूल्य मिलने के साथ उनका भविष्य सुरक्षित हो यह राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### विभिन्न सेवाओं के क्यूआर कोड किये अंकित

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित इस पाती में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की हैल्पलाईन, पीएम कुसुम योजना के आधिकारिक पोर्टल, राज किसान साथी, राज सहकार पोर्टल सहित राज किसान गिरदावरी एप, अटल जल सहित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन से जुड़ी जानकारी के अलावा विभिन्न सेवाओं के क्यूआर कोड प्रकाशित किए गए हैं, जिससे सूचना तकनीक का उपयोग करते हुये किसान इससे जुड़े पोर्टल तक पहुंच जायें। इसी प्रकार महिलाओं और युवाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी और अन्य सुविधाओं के क्यूआर भी जारी किये गये हैं।

### महिलाओं के नाम पाती

उप निदेशक आईसीडीएस सतपाल यादव ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग, महिला अधिकारिता विभाग तथा राजीविका के माध्यम से महिलाओं को वितरित की जा रही है। उपनिदेशक ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त करने की दिशा में सतत कार्य हो रहे हैं। प्रदेश में चल रही महिला सशक्तिकरण की योजनाओं से महिलाओं को संबल मिला है। मुख्यमंत्री की महिला शक्ति के नाम पाती में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही उज्ज्वला योजना, सौलर दीदी, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, बैंक सखी, कृषि सखी, पशुधन सखी, पीएम आवास, जनधन खाते व आयुष्मान आरोग्य आदि योजनाओं के बारे में बताया गया है। वहीं पालनहार योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, छात्रवृत्तियों आदि की जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये राज्य सरकार द्वारा 13 हजार 700 सीसीटीवी कैमरे, 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट और एंटी-रोमियो स्कवाड के बारे में बताया।

### युवा साथियों के नाम पाती

राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री की पाती युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और उन्हें राज्य निर्माण में सहभागी बनाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सपने साकार करने को प्रतिबद्ध है। सरकारी व निजी क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध करवाये गये हैं। उन्होंने पाती के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा गत सवा दो वर्ष में युवाओं के लिए किए गए कार्यों की जानकारी देते हुये बताया कि 01 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। पहली बार साल भर में होने वाली 01 लाख पदों का भर्ती कैलेंडर जारी किया गया है।


**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21)**
**राजस्थान सार्वजिनक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस**
**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर : DEV/JAIPUR-I/TRUST/2026/1164

चूंकि प्रार्थी श्री SUNITA JUNIWAL, 4-KHA-18 JAWAHAR NAGAR, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(I) के अन्तर्गत प्रन्यास Guman Mal Lunawat Charitable Trust Samitee, 1922, Sonthli Walon ka Rasta, Johari Bazar, Jaipur, Rajasthjan, 302003 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जायेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा।

आज दिनांक 23-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 06/04/2026

**सहायक आयुक्त**
**देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम**

## सम्पादकीय

# ‘आयरन डोम की दोस्ती’

प्रधानमंत्री मोदी ने जैसे ही इजरायल की संसद को संबोधित किया, वह प्रथम भारतीय प्रधानमंत्री बन गए, लेकिन 18 देशों की संसद को संबोधित करने वाले वह एकमात्र प्रधानमंत्री हैं। यह किसी की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की ताकत है। प्रधानमंत्री के जरिए भारत का सम्मान और कीर्तिमान सामने आया है। भारत विश्व की एक महाशक्ति है, सबसे तेज विकसित होती अर्थव्यवस्था है और सबसे विशाल, सशक्त लोकतंत्र है। यह इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी माना और ज्ञापित किया है। प्रधानमंत्री मोदी ऐसे देश में दोबारा गए, जिसे 10 अरब देश मान्यता ही नहीं देते, लेकिन किसी भी मुस्लिम देश ने प्रधानमंत्री मोदी के दौरे का घोषित विरोध नहीं किया। वैसे भारत में भी वामपंथी किस्म की ताकतें चिलचिलाती रही हैं कि इजरायल की मान्यता रद्द करें। इजरायल को भारत ने मान्यता 1992 में तब दी थी, जब केंद्र में कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार थी और कुछ वामपंथी सांसद भी उस अल्पमत सरकार को समर्थन दे रहे थे। बहरहाल महत्वपूर्ण सवाल यह है कि करीब 1.20 करोड़ की आबादी वाला इजरायल, मेघालय राज्य के लगभग बराबर, 147 करोड़ से अधिक की सर्वाधिक आबादी वाले भारत के लिए इतना जरूरी और रणनीतिक साझेदार क्यों है? क्योंकि नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, एआई, साइबर सुरक्षा, हाईटेक विनिर्माण, सेवाओं, रेगिस्तान में खेती, पानी प्रौद्योगिकी और रक्षा सहयोग के संदर्भ में इजरायल भी भारत का आजमाया हुआ मित्र-देश है। वह भारत को ‘हैरोन ड्रोन देगा, जो 35,000 फुट की ऊंचाई पर लगातार 45 घंटे तक और 470 किग्रा सामान लेकर उडऩे में सक्षम है। इजरायल ड्रोन प्रौद्योगिकी का ‘मास्टर देश है। वह नवाचार का भी ‘पॉवरहाउस है। उसने कृषि में क्रांति की है और वह ‘आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली वाला देश है, जिसकी सफलता-दर 90 फीसदी के करीब है।

खुफियागीरी में ‘मोसाद के कारनामे अद्वितीय हैं। राजधानी दिल्ली से आधे से भी छोटा देश और भारत का तीसरा सबसे बड़ा रक्षा-सहयोगी और रणनीतिकार देश..! सबसे अधिक 36 फीसदी रक्षा उत्पाद और हथियार आदि रूस और 33 फीसदी फ्रांस हमें सप्लाई करते हैं, लेकिन 13 फीसदी का योगदान इजरायल का भी है। ‘आयरन डोम ऐसा सिस्टम है, जो इजरायल ने सिर्फ अमरीका को ही दिया है और अब भारत को मुहैया करा सकता है। दोनों देशों के बीच रक्षा और व्यापार समझौतों की घोषणा में स्पष्ट हो जाएगा कि इजरायल हमें किन आधारों पर ‘आयरन डोम देगा। वाकई यह भारत-इजरायल की ‘आयरन डोम दोस्ती और भाईचारे का नया अध्याय है। दोनों देशों के संबंध 2000 साल पुराने हैं। इसका प्रधानमंत्री मोदी ने उल्लेख किया है और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी कहा है कि दोनों प्राचीन सभ्यताओं वाले देश हैं। भारत यहूदियों का अपना ‘घर है। भारत के प्रमुख शहरों में यहूदी बसे हुए हैं। प्रताडऩा या शोषण अथवा हिंसा का कोई भी प्रमुख मामला सामने नहीं है। बल्कि भारत में इजरायल के सबसे अधिक स्टार्टअप सक्रिय हैं और भारत सरकार भी उनकी मदद कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों को आतंकवाद से पीड़ित माना और मुंबई के 26/11 आतंकी हमले और इजरायल में 7 अक्तूबर, 2023 को हमास के नरसंहार को एकसमान करार दिया। हमास नरसंहार की निंदा की। प्रधानमंत्री ने इजरायली संसद के मंच से कहा कि नागरिकों की हत्या किसी भी तरह न्यायसंगत नहीं है। बहरहाल भारत-इजरायल की ‘आयरन डोम दोस्ती और साझेदारी परवान चढ़ रही है।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

- 28 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं
- 1991 - खाड़ी में युद्ध विराम लागू।
- 1992 - भारत एवं ब्रिटेन के बीच आतंकवाद के विरुद्ध सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1994 - अफ़्रीका ने नामीबिया को पोर्ट एन्क्लेव बालिस बे सुपुर्द किया।
- 1996 - क्लिंटन प्रशासन ने पाकिस्तान को 35.6 करोड़ डॉलर के हथियार आपूर्ति न करने का फैसला किया।
- 1999 - कोलीन प्रेसकोट एवं एंडी एल्सन (ब्रिटेन) ने 233 घंटे 55 मिनट तक गुब्बारे की मदद से आकाश में रहने का विश्व रिकार्ड बनाया।
- 2003 - नामीबिया के राष्ट्रपति सैम नुजोमा भारत की चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचे, भारत की स्थायी सदस्यता वाला विधेयक अमेरिकी संसद में पेश।
- 2005 - मिलियन डालर बेबी को चार आस्कर पुरस्कार।
- 2006 - फिलीपींस में आपातकाल लागू करने का मामला न्यायालय पहुँचा।
- 2008 -वित्तमंत्री पी. चिदम्बरम ने आर्थिक समीक्षा संसद में पेश की। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल टी.पी. राजेश्वर ने ‘वैट’ विधेयक की अपनी मंज़ूरी दी।
- नेपाल में सरकार और संयुक्त मधेशी लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच शांति समझौता हुआ।
- 28 फ़रवरी को जन्मे व्यक्ति
- 1947 - विजय बहुगुणा - भारतीय राजनीतिज्ञ हैं, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से हैं।
- 1947 - दिग्विजय सिंह - कांग्रेस के राजनीतिज्ञ जो मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं।
- 1944 - रवीन्द्र जैन - भारतीय हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध संगीतकार तथा गायक।
- 1927 - कृष्णकान्त - भारत के भूतपूर्व उपराष्ट्रपति थे।
- 1913 - पंडित नरेंद्र शर्मा, हिन्दी के प्रसिद्ध कवि, लेखक एवं सम्पादक।
- 28 फ़रवरी को हुए निधन
- 2020 - बलबीर सिंह खुल्लर - भारतीय हॉकी टीम के पूर्व सदस्य थे।
- 2018 - जयेन्द्र सरस्वती - कामकोटि पीठ, कांचीपुरम, तमिलनाडु के शंकराचार्य थे।
- 1989 - तिरुमलाई कृष्णामाचार्य - भारत के योग गुरु, आयुर्वेद के वैद्य तथा विद्वान थे।
- 1936 - कमला नेहरू, जवाहर लाल नेहरू की पत्नी

## विशेष आलेख

# ‘मुहिम बहुत, नतीजे कम–आखिर सफेद पुड़िया पर कौन है मेहरबान?



अनिल सिखवाल,ब्यावर

नवगठित ब्यावर जिला विकास की नई उम्मीदों के साथ बना था, लेकिन इन उम्मीदों की छाया में एक खतरनाक सच्चाई भी आकार ले रही है स्मैक, मतलब सफेद ज़हर का बढ़ता कारोबार। दिन-ब-दिन बढ़ती यह समस्या अब केवल अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक आपदा का रूप ले चुकी है। सवाल सीधा है आखिर युवा शक्ति को यह दलदल कौन दिखा रहा है और कौन है जो आंख मूंदे बैठा है?ब्यावर की गलियों में अब सपनों की नहीं, सफेद पुड़ियों की चर्चा होने लगी है। चौराहों पर खड़े युवा अब रोजगार नहीं, ‘माल की तलाश में दिख जाते हैं। कई स्थानों पर तो यह हालत है कि नशेड़ी कपड़े से सूंघकर नशा करते दिखते हैं मानो जिंदगी अब सांसों से नहीं, सफेद धुएं से चल रही हो

**ब्यावर में ‘विकास' की नई लहर-फैक्ट्रियों से पहले स्मैक की होम डिलीवरी**

ऐसा माना जाता हैं कि जिला बनने के बाद क्षेत्र में विकास की गंगा बहती है, लेकिन ब्यावर में तो ‘सफेद पाउडर की बाढ़ आ गई है। यहाँ की युवा शक्ति अब किताबों के पन्नों के बजाय ‘सफेद पुड़िया के पन्नों में अपना भविष्य तलाश रही है। चांग चितार रोड से लेकर शहर की गलियों तक, नशे का कारोबार इतने ‘सिस्टमैटिक तरीके से चल रहा है कि शायद ई-कॉमर्स कंपनियां भी मात खा जाएं।

**प्रशासन की ‘कुंभकर्णी' नींद और कागजी मुहिम**

सोचने वाली बात यह है कि नशे का कारोबार सरेआम फल-फूल रहा है, पर खाकी की पैनी नजरें शायद धुंधला गई हैं। इंदर सिंह बागावास जैसे लोग मैदान में उतरकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन जब तक पुलिस की लाठी और कानून का हंटर बड़े ‘मगरमच्छों पर नहीं चलेगा, तब तक ये मुहिम केवल फोटो खिंचवाने और अखबार की सुर्खियां बनने तक सीमित रहेगी। आखिर क्या कारण है कि छोटी मछलियां तो पकड़ी जाती हैं, लेकिन इस मौत के व्यापार के असली ‘आका हमेशा सुरक्षित रहते हैं?हाल ही में सामाजिक कार्यकर्ता इंदर सिंह बागावास ने इस मुद्दे को लेकर आवाज उठाई और स्मैक बेचने वालों के खिलाफ मुहिम भी चलाई। लेकिन सवाल यह है कि क्या मुहिमों से नशे का कारोबार रुकता है? अगर ऐसा होता, तो आज ब्यावर की सड़कों पर युवा भविष्य नहीं, नशा तलाशते नजर नहीं आते।

सूत्र बताते हैं कि चांग-चितार रोड जैसे इलाकों में स्मैक की तलाश में भटकते युवाओं की संख्या बढ़ रही है। यह केवल अफवाह नहीं, एक खुला सच है जिसे हर कोई देख रहा है, लेकिन शायद स्वीकार करने से डर रहा है। क्योंकि जब सच्चाई असहज होती है, तो व्यवस्था अक्सर मौन साध लेती है।

**सफेदपोशों की ‘चुप्पी' और युवाओं का ‘रुमाल'**

आज का युवा जब स्मैक नहीं पाता, तो रुमाल पर सोल्यूशन डालकर सूंघने को मजबूर है। यह मंजर देखकर भी अगर हमारे ‘सफेदपोश नेता मौन हैं, तो समझ लेना चाहिए कि दाल में कुछ काला नहीं, बल्कि पूरी दाल ही ‘सफेद पाउडर से सनी हुई है। केवल वोटों के समय युवाओं को ‘भविष्यबताने वाले नेता आज उन्हें दलदल में धंसता देख अपनी आंखें मूंद कर बैठे हैं।

व्यंग्य यही है कि हर बार जब नशे की चर्चा होती है, तो बयान आते हैं — सख्त कार्रवाई होगी,अभियान चलाया जाएगा, युवाओं को बचाया जाएगा। लेकिन जमीन पर हालात ऐसे हैं कि लगता है जैसे सफेद पुड़िया पर किसी अदृश्य शक्ति का संरक्षण है। वरना यह कारोबार यूं खुलेआम कैसे फल-फूल रहा है?

प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठना लाजमी है। जब तक बड़े स्तर पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक छोटी-मोटी पकड़धकड़ केवल आंकड़ों की सजावट ही रहेगी। नशे के कारोबारी अगर खुले घूम रहे हैं, तो यह केवल उनकी चालाकी नहीं, बल्कि सिस्टम की ढिलाई का आईना भी है इस लड़ाई में केवल पुलिस नहीं, समाज और तथाकथित सफेदपोश नेताओं की भूमिका भी अहम है। विडंबना यह है कि मंचों पर युवा बचाने की बातें करने वाले कई चेहरे जमीन पर नजर नहीं आते। क्या कारण है कि स्मैक जैसे गंभीर मुद्दे पर भी सामूहिक इच्छाशक्ति नजर नहीं आती?आज जरूरत है दिखावटी अभियानों की नहीं, ठोस कार्रवाई की। जरूरत है उन हाथों को बेनकाब करने की, जो सफेद पुड़िया से काले धंधे को पाल रहे हैं। क्योंकि अगर आज भी हम चुप रहे, तो कल ब्यावर का इतिहास विकास से नहीं, नशे से लिखा जाएगा क्योंकि याद रखिए, नशा कभी अचानक नहीं फैलता उसे पनपने दिया जाता है।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**




# राष्ट्रीय चुनौती बनती बस हड़तालें -कब होगा स्थायी समाधान?



प्रो. आरके जैन

*चेतावनी साफ है क्या सरकार अब भी तत्परता दिखाकर ठोस, समयबद्ध निर्णय ले इस टकराव को टाल पाएगी, या फिर लाखों यात्रियों को सड़कों पर उतरने का इंतज़ार ही करना होगा?*

त्योहार की आहट के बीच मध्य प्रदेश 2 मार्च 2026 की सुबह एक बड़े ठहराव की ओर बढ़ रहा है सड़कों पर सन्नाटा होगा और यात्रियों की उम्मीदें अधर में लटकेंगी। मध्य प्रदेश बस ओनर्स एसोसिएशन ने नई परिवहन नीति के खिलाफ 2 मार्च 2026 को सुबह 6 बजे से प्रदेश के 55 जिलों में अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं तो करीब 20 हजार बसों के पहिए थम जाएंगे और लाखों यात्री सड़कों पर अटक जाएंगे। निजी ऑपरेटर्स का आरोप है कि पीपीपी मॉडल, सात जोनों में कंपनियों को अधिकार, बढ़ा हुआ टैक्स और बदले परमिट नियम उनके व्यवसाय की कमर तोड़ देंगे। होली से ठीक पहले उठाया गया यह कदम डेढ़ लाख से अधिक यात्रियों को सीधे प्रभावित करेगा। चेतावनी साफ है क्या सरकार अब भी तत्परता दिखाकर ठोस, समयबद्ध निर्णय ले इस टकराव को टाल पाएगी, या फिर लाखों यात्रियों को सड़कों पर उतरने का इंतज़ार ही करना होगा?

हड़ताल की घोषणा कई दिन पहले हो जाती है, मांगें सार्वजनिक हो जाती हैं, वार्ता के दौर भी चलते हैं, फिर भी अंतिम निर्णय टलता रहता है। यह प्रतीक्षा आखिर किसके हित में है? सरकारें तब तक निर्णायक कदम क्यों नहीं उठातीं जब तक बसें सड़कों से गायब और जनता असहाय न हो जाए? यह कोई नई स्थिति नहीं, बल्कि बार-बार दोहराया जाने वाला पैटर्न है। जब चेतावनी स्पष्ट हो, पर्याप्त समय हो और संभावित नुकसान का अंदाजा भी हो, तब भी निष्क्रियता क्यों बनी रहती है? क्या प्रशासनिक तंत्र त्वरित निर्णय लेने में असमर्थ है या राजनीतिक समीकरण समाधान पर भारी पड़ते हैं? परिणाम हर बार एक जैसा होता है तय तारीख आते ही परिवहन व्यवस्था चरमरा जाती है और आम आदमी को अपनी जेब और समय दोनों से इसकी कीमत चुकानी पड़ती है।

इस हड़ताल का सीधा और सबसे गहरा असर आमजन पर पड़ेगा। होली पर घर लौटने की तैयारी कर रहे छात्र, शहरों में काम कर रहे कामगार और परिवार से मिलने को उत्सुक लोग अचानक विकल्पहीन हो जाएंगे। बस किराए कई गुना तक बढ़ने की आशंका है, क्योंकि प्राइवेट टैक्सी और अन्य साधन महंगे तथा सीमित हैं। ट्रेनें पहले से भीड़ से जूझ रही हैं, ऐसे में अतिरिक्त दबाव हालात और बिगाड़ेगा। बुजुर्ग, बीमार और आपात स्थिति में यात्रा करने वाले लोग सबसे अधिक परेशान होंगे। छोटे व्यापारी, दिहाड़ी मजदूर और ग्रामीण क्षेत्रों के यात्री, जो बसों पर निर्भर हैं, आर्थिक झटका सहने को मजबूर होंगे। प्रतिदिन लाखों रुपये का अतिरिक्त बोझ जनता पर पड़ेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार थम जाएगी।

यह संकट केवल मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चुनौती बन चुका है। परिवहन जैसे अनिवार्य क्षेत्र में बार-बार की हड़तालें विकासशील भारत की छवि पर सवाल खड़े करती हैं। विकसित देशों में सार्वजनिक परिवहन को आवश्यक सेवा मानकर सख्त कानून लागू हैं, जबकि यहां इसे लगभग सामान्य घटना की तरह लिया जाता है। इससे नीति-निर्माण की प्राथमिकताओं पर संदेह गहराता है।

**(यह लेखक के अपने निजी विचार है)**

## लघु कथा | बढ़ता राजस्थान

### इंसान और भगवान......

इंसान ने तरक्की बहुत की है इसमे कोई दो राय नहीं इंसानी दिमाग व विज्ञान के आश्चर्यजनक परिणाम एक बानगी तो कुदरत को भी चुनौती देते हैं। आपको लिए चल रहा हूं सन् -1912 के उस दौर में जब टायटेनिक जहाज वैज्ञानिकों ने बनाया , तो ये प्रमाणित भी किया गया कि न ये खराब होगा न ये डूबेगा न ये टूटेगा। सब कुछ खत्म होने के बाद भी यात्री सुरक्षित होंगे। 31 मार्च 1909 को बेलफास्ट, आयरलैंड में इसका निर्माण शुरू हुआ और 31 मई 1911 को इसे लॉन्च किया गया था। प्रथम यात्रा 10 अप्रैल 1912 को साउथम्पटन, इंग्लैंड से न्यूयॉर्क की ओर अपनी पहली यात्रा पर निकला लेकिन ऐसा कहाँ हुआ मित्रों ये सिर्फ अहंकार था इंसान का,उस परमपिता को खुद के बनाए अविष्कार पर चेतावनी थी,देख लो आज भी समुद्र सतह की धरती पर अपने उस अहंकार के गुरुर को याद करता टायटेनिक आज भी पड़ा है। पहली ही यात्रा और उसमें सवार यात्री भी यकीनन गुरूर से भरें होंगे कि हमसे बड़ा कोई नहीं दुनिया के सबसे बड़े जहाज पर सबसे पहला सफर हम कर रहे हैं। जैसे एक जमानें में



सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली मूवी को पहले दिन पहले शो देखकर हम इतराते थे। 15 अप्रैल 1912 की रात को उत्तरी अटलांटिक महासागर में एक हिमखण्ड से टकराकर डूब गया। लगभग 1,517 लोग मारे गए, जबकि 705 लोग बच पाए, हिमखण्ड से टकराने के बाद जहाज के कई हिस्सों में पानी भर गया, जिससे वह दो हिस्सों में बंट गया और डूब गया। ईश्वर की कायनात को चैलेंज नहीं किया जा सकता। टायटेनिक बनाने वालों ने कभी सपने में भी ना सोचा होगा कि बिना तूफान के शांत समुन्दर उसे लील लेगा।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी, अलवर**

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# थायरॉइड के मरीजों के लिए ‘स्लो पॉइजन’ हैं ये फूड्स

1. सोया प्रोडक्ट्स-थायरॉइड में सोया या सोया प्रोडक्ट्स नहीं लेने चाहिए। बता दें कि सोयाबीन, सोया चंक्स या टोफू में ‘आइसोफ्लेवोन्स होते हैं। शोध बताते हैं कि सोया का अत्यधिक सेवन थायराइड की दवा के असर को कम कर देता है और हाइपोथायरायडिज्म के खतरे को बढ़ा देता है।

2. बाजरा से करें परहेज -थायरॉइड के मरीजों को साबूत अनाजों खासतौर पर बाजरा का सेवन नहीं करना चाहिए। इसमें मौजूद गोइट्रोजेन और पॉलीफिनॉल्स तत्व थायरॉइड के मरीजों के लिए लाभकारी नहीं हैं। इससे दवा का असर बेअसर हो जाता है।

3. ग्लूटेन युक्त आहार को करें बाहर- मैदा और कुछ मामलों में गेहूं में पाया जाने वाला ‘ग्लूटेन प्रोटीन छोटी आंत को प्रभावित कर सकता है। यह थायरॉइड हारमोन के प्रतिस्थापन में बाधा उत्पन्न करता है, जिससे थकान और जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है। आप इन्हें खाना बंद नहीं कर सकते तो कम तो कर ही सकते हैं।

4. क्रूसिफेरस सब्जियों से करे परहेज -ब्रोकली, पत्तागोभी और फूलगोभी सेहत के लिए अच्छी मानी जाती हैं, लेकिन थायरॉइड पेशेंट्स के लिए ये गॉयट्रोजेन्स का काम करती हैं। अगर आप इन्हें खाना ही चाहते हैं, तो इन्हें कच्चा खाने की गलती कभी न करें।

5. रिफाइंड शुगर और मीठी चीजें थायराइड में शरीर का मेटाबॉलिज्म पहले ही सुस्त होता है। ऐसे में चीनी या प्रोसेस्ड मीठा खाने से न केवल वजन तेजी से बढ़ता है, बल्कि यह शरीर में सूजन का कारण भी बनता है। अगर आप या आपके घर में कोई थायरॉइड पेशेंट है तो उनके खानपान का खास ख्याल रखें। इस बात का भी ध्यान रखें कि सुबह की एक कप कॉफी आपकी थायराइड की दवा के असर को शून्य कर सकती है। वहीं, डिब्बाबंद फूड्स में मौजूद सोडियम ब्लड प्रेशर और थायराइड दोनों को असंतुलित कर देता है।




## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन आपके लिए उम्मीदों से भरा और बाकी दिनों से कहीं ज्यादा सकारात्मक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में कोई नया पद या जिम्मेदारी मिलने की संभावना है, जिससे आपका मन उत्साह से भर जाएगा।

### वृष
आज आपके अंदर आगे बढऩे और खुद को साबित करने की प्रबल इच्छा रहेगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपको मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा और आपकी मधुर वाणी लोगों के दिलों में जगह बनाएगी।

### मिथुन
आज आपको हर काम में धैर्य और संतुलन बनाए रखने की जरूरत होगी। व्यवसाय में बड़ा जोखिम उठाने से बचना ही समझदारी होगी, क्योंकि धीरे-धीरे बढऩा ज्यादा सुरक्षित रहेगा।

### कर्क
आज आपके नेतृत्व गुण खुलकर सामने आएंगे और टीम के साथ मिलकर काम करने का अवसर आपको नई पहचान देगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम और तालमेल बना रहेगा, जिससे मन संतुष्ट रहेगा।

### सिंह
आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन खास रहने वाला है, क्योंकि उन्हें मनपसंद काम मिलने से उत्साह बढ़ेगा और मेहनत का फल भी मिलेगा।

### कन्या
आज का दिन सफलता और संतोष लेकर आएगा। आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी, जिससे रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। पुराने लेन-देन को निपटाने का समय आ सकता है, इसलिए आर्थिक योजना बनाकर आगे बढऩा बेहतर रहेगा।

### तुला
करियर के लिहाज से आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत दे रहा है। रुका हुआ या डूबा धन वापस मिलने से मानसिक राहत और खुशी दोनों मिलेंगी। आपकी कोई बड़ी इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### वृश्चिक
आज आपके आसपास का माहौल सकारात्मक और आनंदमय रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कला से लोगों का विश्वास जीतेंगे। हालांकि किसी की सलाह पर आंख बंद करके चलना ठीक नहीं होगा, अपने निर्णय खुद लें।

### धनु
आज का दिन प्रगति और उपलब्धियों का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने से आपकी पहचान और पद दोनों मजबूत हो सकते हैं, साथ ही वेतन वृद्धि की संभावना भी है।

### मकर
आज का दिन रचनात्मकता और आत्मविश्वास से भरा रहेगा। आप नई योजनाओं और सृजनात्मक कार्यों में उत्साह से भाग लेंगे। जरूरतमंद की मदद करने से मन को सुकून मिलेगा।

### कुंभ
आज आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने और आर्थिक संतुलन बनाए रखने की जरूरत होगी। आसपास के लोगों को पहचानना जरूरी होगा, क्योंकि कुछ विरोधी आपके रास्ते में रुकावट डाल सकते हैं।

### मीन
आज का दिन उपलब्धियों और सम्मान का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और नए अवसर आपके सामने आएंगे। सहकर्मियों का सहयोग आपको हर काम में मजबूती देगा।

## विवाहिता ने फांसी के फंदे से झूलकर की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** शहर में स्थित भट्टों के मोहल्ले में गुरुवार की देर शाम एक विवाहिता ने फांसी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मृतका का पति अपनी 9 वर्षीय बच्ची के साथ बाजार गया हुआ था। बाजार से वापस लौटने पर उसकी पत्नी कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली। पत्नी को फंदे से झूलता देखकर उसने अपने दोस्त को बुलाया और उसकी मदद से फंदे से उसे नीचे उतारा व बाइक से उप जिला अस्पताल लेकर गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका के पीहर पक्ष को सूचना दी। मृतका के पति राहुल बैरवा ने बताया कि वह अपनी पत्नी पूजा बैरवा 29 वर्ष व 9 वर्षीय पुत्री के साथ भट्टों का मोहल्ला में किराए के मकान में रहते हैं। वे दोनों ही मजदूरी का कार्य कर अपना जीवन यापन करते थे। पुलिस ने बताया कि विवाहिता पूजा बैरवा का ससुराल बरोनी थाना क्षेत्र के गांव रजवास में स्थित है। ससुराल पक्ष के लोग दिल्ली में रहते हैं। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 10:30 बजे पुलिस द्वारा पंचनामा तैयार कर चिकित्सकों के द्वारा पोस्टमार्टम करवा कर शव पीहर पक्ष को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मृग में मामला दर्ज किया है। मृतका का पीहर गांव मंडालिया में है।

## टोंक में भाजपा बैठकः पीएम मोदी की अजमेर सभा को लेकर संगठन ने कसी कमर

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (पुरूषोतम जोशी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित अजमेर यात्रा, संगठन संरचना सघन पुनरीक्षण एवं पंचायतीराज राज चुनाव एवं वीबी जीरामजी अभियान के संबंध में बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने मुखर्जी मंडल व मेहंदवास मंडल की बैठक में शिरकत की। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान कार्यकर्ताओं से अजमेर जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक जड़ता वर्ष सक्रियता से मोदी जी की जनसभा में अधिक से अधिक लोगो को लेकर चलना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है की जनसभा में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का मान देश-विदेश में बढ़ रहा है।उन्होंने संगठन को मजबूत करने वह आगामी पंचायत निकाय चुनाव में सक्रिय रहने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता सक्रिय रहकर जनता के बीच में रहे। सरकार की योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाएं।आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कराए। यही भाजपा के संगठन की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि वीबी जीराम जी विकसित भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, इसकी जानकारी हमें जनता तक पहुंचना है।उन्होंने कहा कि यह भ्रष्टाचार पर रोक लगाएगा।इस अवसर पर मुख्य वक्ता सरोज बंसल, ओमप्रकाश गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, जिला मंत्री तरुण टिक्कीवाल, हरिराम यादव, मंडल अध्यक्ष नंदलाल जाट, भगवान दास सैनी, मण्डल प्रभारी शंकर विजय, किशन गोपाल जाट, विनय सिंह ताखर ,हनुमान बेरवा,हेमंत लांबा, लेखराज समोता महावीर शर्मा राजू माहेश्वरी, महेंद्र सिंह, महावीर गुर्जर, चरण सिंह चौधरी, सुभाष सैनी, हेमंत सैनी, पंकज सैनी, रघुवीर नायक, श्योजी लाल माली, पिंटू बना सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अजमेर में 16 हजार 686 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण

- राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में चयनित 21 हजार 863 युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अजमेर आएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री 9 से 14 साल तक की बालिकाओं को एचपीवी टीके की खुराक देकर एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री केंद्र एवं राज्य सरकार की 16 हजार 686 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ उपस्थित रहेंगे। जिला मुख्यालय पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला परिषद सभागार में प्रातः 9:30 बजे किया जायेगा।

इस अवसर पर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में टोंक जिले में नवचयनित 605 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये जायेगें। नियुक्ति पत्र पाने वाले इन युवाओं में पटवारी (राजस्व), संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक और संविदा लेखा सहायक (ग्रामीण विकास), पशुधन सहायक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, खनिज, जल संसाधन, कृषि एवं शिक्षा विभाग सहित अन्य नियुक्तियां शामिल हैं।

## छात्र-छात्राओं ने पुलिस थाने का किया भ्रमण, पुलिस कार्यप्रणाली व कानून की ली जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान को बढावा देने के उद्देश्य से वंशिका पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत पुलिस थाने का अवलोकन किया। स्कूल के निदेशक विमलेश गौतम के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण के दौरान लगभग दो दर्जन विद्यार्थियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली एवं समाज में पुलिस की भूमिका की जानकारी ली। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने विद्यार्थियों को पुलिस थाने की गतिविधियों से अवगत करवाया। छात्र-छात्राओं ने थानाधिकारी कार्यालय, जेलखाने, मालखाना एवं थाने में संचालित मेस का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस थाने के आधुनिक उपकरणों एवं रिकॉर्ड संधारण की प्रक्रिया की भी उत्साहपूर्वक जानकारी ली। थानाधिकारी मीणा ने छात्र-छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों एवं कानून की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के लिए तत्पर रहती है।

# कोटा से दिल्ली के लिए खोला गया एक्सप्रेसवे, लेन बदल जिगजैग के साथ जा सकेंगे...वापसी के लिए इंतजार

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से कोटा से दिल्ली सीधा जुड़ गया है। काफी इंतजार के बाद यह सफर शुरू हुआ है। हालांकि, लबान से कुश्तला के बीच में वाहनों को पहले एक लेन पर चलना होगा, फिर दूसरे पर उन्हें डायवर्ट किया जाएगा, फिर वापस पहली लेन पर आना होगा. ऐसे में जिगजैग बनाते हुए वह सवाई माधोपुर तक का सफर करेंगे।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के दौसा पीआईयू के प्रोजेक्ट डायरेक्टर भरत सिंह जोईया का कहना है कि हमने उच्च अधिकारियों सहमति लेने के बाद इसे शुरू करवा दिया है. इसमें केवल कोटा से लबान तक का रास्ता पहले चालू था, लेकिन लबान से सवाईमाधोपुर के कुश्तला तक 44 किलोमीटर के हिस्से में शुरू नहीं हुआ था, जिसे चालू करवा दिया है. अब कोटा से सीधा कुश्तला तक चालू करवा दिया है. जबकि कुश्तला से दिल्ली तक का रास्ता पहले ही आने और जाने का चालू है. वहीं, कुश्तला से लबान वापस आने वाला रास्ता अभी चालू नहीं है, यह अप्रैल तक शुरू होगा. दूसरी तरफ कोटा से सवाई माधोपुर सवा घंटे में ही पहुंच रहे हैं। पहले जहां पर दूसरे रास्तों से ढाई घंटे का समय लग रहा था।

### लबान से कुस्तला 44 किलोमीटर

पीडी भारत सिंह जोईया का कहना है कि हृश्व-4 पर कुश्तला 292 किलोमीटर पर है. यहां से 44 किलोमीटर लबान है. इसके बीच हरदेवपुरा तक पीआईयू दौसा का एरिया है. यह चैनेज 318 है, जबकि लबान चेंज 336 पर है। हरदेवपुरा से लबान 18 किमी है। इसे हमने पहले ट्रायल बेस पर चलाया था और अब इसे कंफर्म चला दिया है। इस पर टोल भी जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा. अभी यहां से वाहन बिना टोल दिए गुजर रहे हैं. केवल उन वाहनों का रजिस्ट्रेशन लिया जा रहा है, जो यहां से गुजर रहे हैं। इनमें भारी वाहन भी शामिल है।

### हाई टेंशन लाइन ने बढ़ा रखी है समस्या

सवाई माधोपुर से लबान इंटरचेंज तक आने वाले वाहनों की बात करते हुए पीडी जोईया का कहना है कि पैकेज नम्बर ह तक 26 किलोमीटर के एरिया में अभी काम चल रहा है. यहां पर पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन की हाई टेंशन लाइनों को शिफ्ट करना है. एक पोल में एक्सप्रेस वे के नजदीक आ रहा है, जिसको हटाकर चार पोल लगाने हैं. यह काम कुछ समय और लगा. हालांकि, इस 26 किलोमीटर के एरिया पर हम अभी टोल शुरू नहीं कर रहे हैं।

### जल्द शुरू होगा इस सेक्शन पर टोल

फिलहाल, वाहनों को लबान पर नीचे उतरकर दोबारा एक्सप्रेस पर चढ़ना पड़ रहा है। इसमें लबान से हरदेवपुरा तक 18 किलोमीटर का एरिया कोटा पीआईयू के अधीन है. जल्द ही इस पर कोटा पीआईयू टोल वसूलेगा। अभी केवल वाहनों का रजिस्ट्रेशन करने के बाद उन्हें आगे भेजा जा रहा है। जबकि हरदेवपुरा से कुश्तला के 26 किलोमीटर पर अभी टोल वसूली शुरू नहीं होगी।

### अभी एक तरफा ट्रैफिक, सुरक्षा के लिए जगह-जगह डायवर्जन चिन्ह और होमगार्ड

भरत सिंह जोईया का कहना है कि लबान से कुश्तला के बीच में हमने होमगार्ड की तैनाती भी की है, ताकि वाहनों चालकों को किसी तरह की सुविधा नहीं हो. सभी डायवर्जन वाली जगह पर पर्याप्त दिशा सूचक भी लगा चुके हैं. एक्सप्रेसवे पर 120 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से वाहन चल रहे हैं।

## शासकीय कार्य ई-फाइल व ई-डाक से करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम ने जिले के सभी विभागीय एवं अधीनस्थ कार्यालयों में शासकीय पत्रावलियों का संचालन शत-प्रतिशत ई-फाइल एवं ई-डाक प्रणाली के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ! इस संबंध में जिला सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में राजकाज पोर्टल पर ई-फाइल का सृजन, दस्तावेज अपलोड, नोटिंग प्रक्रिया तथा ई-डाक संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सभी कार्यालयों में नवीन पत्रावलियां इलेक्ट्रॉनिक मोड में खोली जाएंगी तथा पुरानी पत्रावलियों को प्राथमिकता से ई-फाइल पर स्थानांतरित किया जाएगा। कार्यालयों के बीच पत्राचार भी ई-डाक के माध्यम से किया जाएगा तथा राज्य स्तर पर प्रकरण केवल राजकाज पोर्टल के माध्यम से ही प्रेषित किए जाएंगे। जांच, न्यायालयीन एवं गोपनीय प्रकरणों को भी यथासंभव ई-फाइल प्रणाली से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पीएम मोदी कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान, टोडारायसिंह भाजपा कार्यकर्ताओं में मंथन

बढ़ता राजस्थान



**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** कस्बे में भाजपा शहर मण्डल में बैठक आयोजित कर अजमेर में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई। अजमेर में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर टोडारायसिंह शहर मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला महामंत्री संतकुमार जैन, मंडल प्रभारी प्रहलाद चावला एवं मंडल अध्यक्ष सुनील भारत ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं की संख्या का आकलन किया तथा सभी से व्यापक स्तर पर भागीदारी निभाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि क्षेत्र से अधिकाधिक कार्यकर्ताओं को अजमेर ले जाकर कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। इस अवसर पर संगठन की सक्रिय भागीदारी, अनुशासन एवं समन्वय के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया। वक्ताओं ने कहा कि यह अवसर क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है, इसलिए सभी कार्यकर्ता पूर्ण उत्साह के साथ सहभागिता सुनिश्चित करें और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में योगदान दें। बैठक में शहर मण्डल उपाध्यक्ष नीरज जोशी, भाजयुमो शहर मंडल अध्यक्ष अनुज जैन, यात्रा प्रभारी जगदीश मोड़किया, पूर्व महामंत्री करुणानिधि शर्मा, शहर महामंत्री सुरेश जग्रवाल, रामअवतार सैनी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उज्जवल

## भारत विकास परिषद का फागोत्सवःकृष्ण सुदामा मिलन लघु नाटिका ने किया श्रोताओं को भावविभोर

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारत विकास परिषद शाखा मानटाउन का फागोत्सव एवं वार्षिक चुनाव कार्यक्रम एक निजी मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया एवं राष्ट्रगीत गाया गया। फागोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से परिषद सदस्यों ने प्रस्तुतियां दी।पूर्वाक्षी अग्रवाल द्वारा श्री हरि स्त्रोतम पर भरयनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति दी। दीनदयाल अग्रवाल संतोष अग्रवाल हेमंत गर्ग चित्रा गर्ग महावीर सिंहल सुनीता सिंहल ज्ञानेंद्र गुप्ता एवं मोना गुप्ता ने बरसाने की छोरी पर सामूहिक नृत्य किया।बबीता गुप्ता एवं रुबी माथुरिया ने सर सर होलिका जले पर तथा रेखा जैन व सीमा द्वारा होली के रंग गीत पर नृत्य किया। राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य संपर्क हरिप्रसाद शर्मा एवं महिला सहभागिता प्रभारी मीना उपाध्याय द्वारा परिषद में जुड़े नए सदस्य डॉ विनोद कुमार शर्मा अर्चना शर्मा नरेश बज बबीता जैन गिरीश कुमार शर्मा सोनी शर्मा आदि का दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया एवं परिषद की सदस्यता दिलाई।

चुनाव पर्यवेक्षक आदित्य भारद्वाज द्वारा चुनाव संपादित करवाए, जिसमें विपिन अग्रवाल कोषाध्यक्ष, उमेश कुमार गुप्ता सचिव एवं प्रदीप गर्ग को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कीर्ति सुवालका द्वारा ठंडो चालै वायरियों एवं सिद्धी द्वारा श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी भजन पर प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर राष्ट्रीय गतिविधि सदस्य संपर्क हरि प्रसाद शर्मा क्षेत्रीय संयोजक संपर्क दिनेश गर्ग क्षेत्रीय महिला संयोजिका मीना शर्मा प्रांतीय महासचिव हेमंत गर्ग जिला समन्वयक दीनदयाल अग्रवाल शाखा अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शर्मा शाखा सचिव कपिल नाम एवं शाखा कोषाध्यक्ष उमेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

## आईसीएआई टोंक जिला शाखा के सीए दीपक गौतम अध्यक्ष एवं सीए रोहित कुमार जैन सचिव निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** दि इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की टोंक जिला शाखा की वर्ष 2026-27 की नई कार्यकारिणी का गठन शुक्रवार को संपन्न हुआ। 27 फरवरी को आयोजित चुनाव में 6 सदस्यीय समिति का निर्वाचन किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष सीए श्याम लाल जैन ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए दीपक गौतम को विधिवत कार्यभार सौंपा। समिति में सीए रोहित कुमार जैन को सचिव नियुक्त किया गया। साथ ही सीए जयंत राज जैन को उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष, तथा सीए आकाश जैन एवं सीए राज कुमार विजय को सदस्य बनाया गया। अध्यक्ष सीए दीपक गौतम ने टोंक में सीए विद्यार्थियों हेतु परीक्षा केंद्र शुरू करवाने, नियमित ओरिएंटेशन, आईटी/एडवांस आईटी ट्रेनिंग, सेमिनार, सदस्य कल्याण गतिविधियों एवं सीपीई कार्यक्रमों के विस्तार को अपनी प्राथमिकता बताया। इस अवसर पर सीए अंकित कुमार जैन, सीए आदित्य अग्रवाल, सीए अभिनव शर्मा, विक्रम गौतम सहित अन्य सम्मानित सदस्यों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

## चौथ का बरवाड़ा में आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर : पहले दिन 375 रोगियों की जांच

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में चौथ का बरवाड़ा स्थित मीणा धर्मशाला में निःशुल्क आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ विधिवत रूप से किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिला कलेक्टर चौथ का बरवाड़ा जोगिंदर सिंह ने की। उद्घाटन समारोह में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा प्रेम प्रकाश शर्मा मुख्य अतिथि तथा पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर प्रभारी डॉ. मनिंद्र बैरवा ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक रोगियों की निःशुल्क जांच एवं उपचार किया जा रहा है। विशेष रूप से अर्श, भगंदर एवं फिशर जैसे गुदा रोगों का क्षारसूत्र पद्धति से बिना चीर-फाड़ शल्य उपचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त श्वास, गठिया, त्वचा रोग, स्त्री रोग, पेट संबंधी समस्याएं, सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार एवं एलर्जी सहित विभिन्न रोगों का परामर्श एवं उपचार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. विजय शंकर बैरवा ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन 375 रोगियों की जांच कर आयुर्वेद चिकित्सा प्रदान की गई तथा अर्श, भगंदर एवं फिस्टुला के 30 रोगियों को शल्य उपचार हेतु भर्ती किया गया। शिविर में औषधीय पौधों की प्रदर्शनी, स्वस्थ जीवन शैली पर जानकारी, पंचकर्म एवं अग्निकर्म जैसी विशेष आयुर्वेद चिकित्सा सेवाएं भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी जा रही हैं। क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा के लिए डॉ. मुकेश कुमार मीणा, डॉ. अंजली मीणा, डॉ. तरुण मीणा एवं डॉ. विजेंद्र मीणा की विशेषज्ञ टीम सेवाएं दे रही है। कार्यक्रम में तहसीलदार नीरज सिंह, पुलिस उपाधीक्षक हंसराज बेरवा, थानाधिकारी महेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रधान संपत पहाड़िया, उपनिदेशक आयुर्वेद डॉ. भीम सिंह मीणा, सहायक निदेशक डॉ. राजेंद्र कुमार शर्मा सहित आयुर्वेद विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कन्हैयालाल चोधरी केबिनेट मंत्री ने दी नगरपालिका मालपुरा क्षेत्र वासियों को 27 करोड़ 99 लाख 94 हजार रूपये के विकास कार्यो की सोगात

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (नि.स.)।** कन्हैयालाल चोधरी केबिनेट मंत्री,जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिकी एवं भू जल विभाग राजस्थान सरकार की अभिशंषा पर नगरपालिका मालपुरा द्वारा पूर्व में 41 कार्यो के 6 करोड 33 हजार रूपये के निर्माण/कार्यो के कार्यादेश जारी किये गये थे तत्पश्चात 41 कार्यो के 21 करोड 99 लाख 61 हजार रूपये के निर्माण/विकास कार्यो की निविदा जारी की गयी है।

कपिल शर्मा प्रशासक एवं रामजीत चोधरी अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मालपुरा ने बताया कि नगरपालिका मालपुरा द्वारा केबिनेट मंत्री की अभिशंषा पर नगरपालिका मालपुरा क्षेत्र के वार्डो में विद्युत लाईनों को भूमिगत करने का कार्य, व्यास सर्किल से सुभाष सर्किल एवं सुभाष सर्किल की और नाली व इन्टरलोकिंग कार्य एवं मित्तल दुल्हा हाउस से गांधी पार्क होते हुए अस्पताल के सामने से होते हुए माणक चैक गणेश जी के मंदिर से होते हुए पुरानी तहसील दरवाजे की और सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य (तहसील दरवाजे से घाटी रोड एवं सुभाष सर्किल से शिव मेडिकल की और नाली निर्माण कार्य), रिण्डल्या बुजुर्ग में शमशान के जिर्णोद्वार, रिण्डलिया से तितरिया मोड, रिण्डलिया से मुण्डेती, रिण्डलिया से धानोता, हाथगी में राजपुरा मैन रोड से आयुर्वेदिक औषधालय, सदरपुरा प्याउ मालपुरा





दूदू रोड से हाथगी, सदरपुरा प्याउ से बालाजी मंदिर, रिण्डलिया से इन्दोली की और ग्रेवल रोड, रिक्शा ढाणी में महादेव मंदिर से इन्दोली रोड, महादेव मंदिर से मुण्डेती रोड, तेजाजी मंदिर से हरिराम जाट, हाथगी में मैन बस स्टेण्ड से तेजाजी मंदिर होते हुए नोरत शर्मा की और एवं अन्य स्थानों, मैन सदरपुरा स्टेण्ड से दादूपंथी हवेली, मैन दूदू रोड से राजसिंह, सिद्धेश्वर मंदिर से रामचरण चैधरी, सुई वालों की ढाणी में स्कूल, दौराई में खेल मैदान, अजमेरों की ढाणी में विद्यालय की बाउड्री वाल निर्माण कार्य, जाजमों की ढाणी, धानोता में नाली निर्माण कार्य, दौराई में शमशान घाट, जाजमों की ढाणी, दौराई में शिव मंदिर के पास, सुई वालों की ढाणी में शमशान घाट, सुई वालों की ढाणी, छगन जी के मकान से सत्यनारायण के मकान, रामस्वरूप जागीड से जगदीश जी काचरिया से भैरूलाल की और, रामधन जी सांडीवाल से रामधन जी काचरिया, मैन दूदू रोड होण्डा शोरूम की गली से रमेश पारीक की और, मैन दूदू रोड से रामजीलाल शर्मा के मकान, नायकों की ढाणी, कृषि मण्डी के पीछे शिव कॉलोनी दूदू रोड, बृजलालनगर काच की दुकान से नन्दकिशोर जांगिड की और, बृजलालनगर में एमपीएस संस्थान से बालाजी मंदिर, बृजलालनगर जय हनुमान कॉलोनी, बृजलालनगर वृन्दावन पार्क के पास, कृषि मण्डी के कोने पीएनबी बैंक के पास से होटल लखदातार, कृषि मण्डी के कोने पीएनबी बैंक के पास से होटल लखदातार की और नाला निर्माण कार्य, जांगिड समाज में टीन शेड, सावरकर पार्क में सामुदायिक भवन का जिर्णोद्वार कार्य, केदारनाथ मंदिर सामुदायिक भवन में शेष निर्माण कार्य, शास्त्री नगर पार्क के सामने खाली पडे स्थान, ट्रक स्टेण्ड सिन्धी कॉलोनी में सी.सी. रोड निर्माण कार्य, वीर तेजा जाट छात्रावास चार दीवारी निर्माण कार्य, जिला अस्पताल में विकास कार्य की निविदा जारी की गयी है।

# केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह का पुतला फूंका

बढ़ता राजस्थान




अलवर (रूपक शर्मा)। जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमति कमलेश सैनी के नेतृव में शुक्रवार को मिनी सचीवालय के गेट पर एपस्टीन फाइल में हुए खुलासे के बाद केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पूरी का पुतला दहन कर महिलाओं और छोटी- छोटी बच्चियों के साथ गलत देहिक शोषण के विरोध में प्रदर्शन किया गया. जिसमें महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक श्रीमती साफिया खान भी शामिल हुई।

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं रामगढ़ से पूर्व विधायक श्रीमती साफिया खान ने कहा कि महीने दो महीने से एपिस्टीन फाईल में बच्चियों एवं महिलाओं के साथ बलात्कार और उन्हे काट- काट कर समुद्र में फैंकने जैसी गंभीर घटनाओं में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के नामों का एपिस्टिन फाइल में खुलासा किया गया है और अन्य व्यापारियों सहित अन्य देशों के नेताओं का भी नाम उजागर हुआ है अन्य देशों के मंत्रियो ने तो नैतिकता के नाते अपने पदों से इस्तीफे दे दिये हैं. लेकिन बेशर्म केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के नाम का पूरी तरह से खुलासा हो चुका है परन्तु भारत में कोई भी इस्तीफ़ा नही दिया गया है।

जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती कमलेश सैनी ने बताया कि काले कपड़ो की साड़ी पहन कर सफ़ेद टीशर्ट पर काली स्याही से "PM is compromised" लिख कर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी द्वारा मंत्री मण्डल से इस्तीफ़ा नही दिये जाने और ना ही प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हे मंत्री मण्डल से बर्खास्त किये जाने पर महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लाम्बा और प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती सारिका सिंह चौधरी के निर्देशनुसार देशभर मे सभी जिलों में ये विरोध प्रदर्शन किये जा रहे है. विरोध प्रदर्शन में नरेंद्र मोदी शर्म करो, शर्म करो, बेशर्म हरदीप पुरी इस्तीफ़ा दो, इस्तीफ़ा दो, नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद- मुर्दाबाद जैसे नारे लगा कर आक्रोश प्रकट किया गया।

नगर परिषद की पूर्व सभापति एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमलेश सैनी ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं रामगढ़ से पूर्व विधायक साफिया खान, नीतू संजय सैनी, एडवोकेट शकुंतला सैनी, एडवोकेट रुकमणी सैनी, पूर्व पार्षद उर्मिला सैनी, सुनीता राजकुमार शर्मा, डॉ राजकुमारी सुलानिया, रेखा चौधरी, पूर्व पार्षद रामा देवी चांवरीया,कमला किरण सैनी, जुहूरी खान, तारा देवी शर्मा,लीलावती सैनी, मनीषा अंशुल सैनी, सीमा सैनी, बिना सैनी,मोहिनी कौर, भगवती सैनी, सुग्गा देवी जाटव, गुडी देवी चंदा सैनी, रामपति जाटव, चंद्रकला सैनी, सुशीला सैनी, लक्ष्मी सैन, अंगूरी सैनी, अंगूरी देवी, लिच्छमा देवी, प्रेम बाई सैनी सहित सेकड़ों की संख्या में महिला शामिल हुई।

## मंदिर 1008 श्री वृंदावन चंद्रमा जी महाराज के फागोत्सव मनाया

बढ़ता राजस्थान

अलवर (रूपक शर्मा)। शुक्रवार को जोहड़ा पटेल नगर स्थित मंदिर श्री वृंदावन चंद्रमा जी महाराज के फागोत्सव मनाया गया। मंदिर के पुजारी पंडित मोनू शर्मा ने बताया कि महिला मंडली की अध्यक्ष श्रीमती चंद्रभागा शर्मा के नेतृत्व में भक्ति संगीत फाग के भजन महिला मंडली द्वारा गाए गए फाग के भजनों पर महिलाओं ने नृत्य किया एक दूसरे के गुलाल लगाई श्री राधा कृष्ण जी की झाकी सजाई गई महिला मंडली में श्रीमती भगवती यादव, मुकुट सैनी, कृपा प्रजापत, शकुंतला सैनी, लालता सैनी, चंद्रभागा शर्मा, मीरा सैनी, मीनू सिंह,गायत्री सैनी, माया शर्मा, साक्षी सोनी, प्रेम सैनी, संतोष आदि उपस्थित रही। फागोत्सव के कार्यक्रम के बाद प्रभु की आरती की गई एवं सभी को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर पुजारी पंडित मोनू शर्मा ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष विश्व शांति विश्व कल्याण की भावना के साथ किया जाता है।

## यज्ञ के साथ गुटका छोड़ने का दिलाया संकल्प



बढ़ता राजस्थान

अलवर (रूपक शर्मा)। शुक्रवार को प्रातः 9 बजे दयानंद नगर अलवर में श्रीमती शकुंतला जांगिड़ के पौत्र और महेशचंद जांगिड़ के जुड़वा पुत्र पुत्री का गायत्री यज्ञ के सानिध्य में अन्न प्राशन संस्कार कराया गया। इस अवसर पर महेशचन्द जांगिड़ ने चुर्री, गुटका छोड़ने का संकल्प भी लिया। गायत्री परिवार अलवर के चौधरी चरणसिंह ने यज्ञ और अन्न प्राशन संस्कार सम्पन्न कराया।

## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मंच पर थिरके नन्हे बच्चे

बढ़ता राजस्थान

अलवर (रूपक शर्मा)। शहर के स्कीम नम्बर एक में बाल भारती शिक्षा समिति द्वारा संचालित बाल भारती विधालय में शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई जहां नन्हे कलाकारों ने दर्शकों का मन मोह लिया। शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूली बच्चों को पुरूस्कृत भी किया गया।




## नाचते गाते भक्तों के साथ नगर भ्रमण पर निकले बाबा श्याम, पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान



राजगढ़ (अलवर) (राज खण्डेलवाल)। फाल्गुन एकादशी पर बाबा श्याम अपने सैकड़ों भक्तों के साथ नगर भ्रमण पर निकले। कस्बे के कारोठ रोड़ पर स्थित भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल से विधिवत पूजा अर्चना के साथ बाबा श्याम रथ में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने हाथों में निशान लेकर हारे का सहारा बाबा श्याम हमारे, जय श्री श्याम की जयकारों के साथ नाचते झूमते हुए निकले। मंदिर महंत मदनमोहन शास्त्री व हारे का सहारा मित्र मंडल के राजकुमार गुप्ता, मनीष गुप्ता ने बताया कि निशान यात्रा बस स्टैंड, पटायरी की डूंगरी, मेला का चौराहा, सराय बाजार, गोल सर्किल होते हुए चौपड़ बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंची। निशान यात्रा के दौरान डीजे पर भजनों की धून पर श्रद्धालु चल रहे थे। इस दौरान जगह-जगह पर पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा तथा गुलाल वर्षा की गई। निशान यात्रा में जगह-जगह केले, शरबत , बिस्किट आदि का वितरण किया गया। मंदिर पहुंचने पर महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं शाम को फागोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम को भजन सुनाकर भावों से रिझाया।

- कोलकाता के फूलों से हुआ श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार

श्री जगन्नाथ मंदिर में विराजमान खाटूश्यामजी का कोलकाता के फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। बाबा श्याम को नवीन पोशाक धारण करवाई गई। इस दौरान मंदिर को आकर्षक रोशनी व फूलों से सजाया गया। इस दौरान रंग-बिरंगी लाइटों से मंदिर को मनमोहक सजाया गया। कार्यक्रम में दिनेश सैन, मनीष गुप्ता, मुकुल बड़ाया, महेश पाबूवाल, राकेश सैनी, लोकेश जैन, पूर्णिमा सैन, सरोज सैनी, पवन पटवा, लोकेश साहू, ममता गुप्ता, मोनिका विजय सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## ओरेकल एकेडमी एंड कैरियर इंस्टिट्यूट राजगढ के छात्रों ने किया सशस्त्र सीमा बल श्वान ट्रेनिंग सेंटर का भ्रमण

- बच्चों ने जाना कैसे बनते है सायलेंट वारियर्स

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़ (अलवर) (राज खण्डेलवाल)। ओरेकल एकेडमी राजगढ के छात्रों ने शुक्रवार को एसएसबी के डॉग ट्रेनिंग एंड ब्रीडिंग सेंटर का एक ज्ञानवर्धक दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय सुरक्षा में के9 यूनिट (श्वान दल) की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके प्रशिक्षण की वैज्ञानिक व रोचक प्रक्रिया से अवगत कराना था।

सेंटर पहुंचने पर सेंटर प्रमुख देवाशीष त्रिपाठी , सुधीर सगमा व अन्य जवानों ने छात्रों का स्वागत किया और उन्हें सेंटर की विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि अलग-अलग नस्ल के कुत्तों (जैसे जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, बेल्जियन मेलिनॉइस) को उनकी खासियत के आधार पर विस्फोटक सूंघने, अपराधियों को ट्रैक करने (ट्रैकर) और बचाव कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। दौरे का सबसे रोमांचक हिस्सा लाइव डेमो था, जहां प्रशिक्षित कुत्तों ने अपनी काबिलियत का प्रदर्शन किया। छात्रों ने देखा कि कैसे एक स्निफर डॉग ने ढूंढ़ कर सामान को कुछ ही सेकंड में ढूंढ निकाला और कैसे एक ट्रैकर डॉग ने दिए गए सुराग के आधार पर लक्ष्य तक पहुंचा। छात्रों ने डॉग हैंडलर्स से भी बात की और एक डॉग हैंडलर के बीच के गहरे रिश्ते को समझा। इस अवसर पर ओरेकल एकेडमी के निदेशक मनोज कुमार सैनी ने कहा, यह दौरा छात्रों के लिए अनूठा अनुभव था। इससे उन्होने केवल इन बेजुबान योद्घाओं के प्रति सम्मान की भावना मिली, बल्कि यह भी पता चला कि हमारी सुरक्षा के लिए पर्दे के पीछे कितनी मेहनत की जाती है। यह भ्रमण सभी छात्रों के लिए बेहद ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ।

## बंगाल चुनाव पर बोले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कहा : टीएमसी का होगा सुपड़ा साफ

सामरिक ताकत के साथ रक्षा साजो-सामान के स्वदेशी निर्माण की क्षमता मजबूत हुई

बढ़ता राजस्थान



जोधपुर (रंजन दवे)। केंद्रीय पर्यटन मंत्री व जोधपुर के सांसद और बंगाल चुनाव में भाजपा प्रभारी रह चुके गजेंद्र सिंह शेखावत ने पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर कड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में पश्चिम बंगाल में टीएमसी का सुपड़ा साफ हो जाएगा। यह भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है कि पश्चिम बंगाल समेत किसी भी राज्य में एक भी घुसपैठिए को नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। एक ओर भारत की सामरिक शक्ति में जबरदस्त इजाफा हुआ है तो दूसरी ओर रक्षा साजो-सामान के स्वदेशी निर्माण की क्षमता भी तेजी से बढ़ी है।केंद्रीय मंत्री शेखावत शुक्रवार सुबह दिल्ली से जोधपुर पहुंचे। मीडिया से बातचीत में शेखावत ने कहा कि एक समय ऐसा था, जब भारत रक्षा क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े आयातकों में गिना जाता था, लेकिन अब देश निर्यातक बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। तेजस लड़ाकू विमान से लेकर मिसाइल और बुलेटप्रूफ जैकेट तक, आज सबकुछ भारत में ही निर्मित हो रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति की मौजूदगी में होने वाला वायुसेना का प्रदर्शन देश की उच्चतम सैन्य क्षमता का परिचायक होगा। सीमावर्ती क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होने से वहां रहने वाले लोगों का भारत की ताकत और क्षमता पर भरोसा और मजबूत होगा। आतंकवाद के मुद्दे पर शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई है। यह नीति वैश्विक स्तर पर लागू होती है। उन्होंने कहा कि आज वे देश भी आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख अपना रहे हैं, जो पहले इसे बढ़ावा देते रहे हैं।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़ (अलवर)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री विधवा पेंशन योजना तथा पालनहार योजना आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही है। योजनाओं का लाभ उठाकर जहां विधवा महिलाओं को पारिवारिक निर्वहन में आर्थिक संबल मिल रहा है, वहीं बच्चों को पालनहार योजना के तहत सहायता राशि मिलने से उनका बचपन संवर रहा है। अलवर जिले के राजगढ़ तहसील के गांव कल्याणपुरा निवासी गुड्डी देवी मीना एवं गांव सिटावट निवासी निशा कंवर जाडावत के पति की मृत्यु होने पर परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई थी। घर में बच्चे छोटे होने से गुजर-बसर करने में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड रहा था। दोनों महिलाओं ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को अपनी व्यथा बताई, जिस पर अधिकारियों ने दोनों महिलाओं का मुख्यमंत्री विधवा पेंशन योजना में आवेदन कराकर तुरन्त प्रभाव से स्वीकृति करवाई। अब दोनों महिलाओं को योजना के तहत नियमित भुगतान मिल रहा है, जिससे उनके परिवार के गुजर-बसर में आर्थिक संबल मिल रहा है। इसके साथ ही उनके बच्चों का पालनहार योजना में आवेदन कराकर भुगतान स्वीकृति जारी की गई।

## जिला अभिभाषक संघ का होली मिलन समारोह

बार-बेंच सौहार्द के रंगों से सराबोर हुआ न्यायालय परिसर



बढ़ता राजस्थान

अलवर (रूपक शर्मा)। जिला अभिभाषक संघ द्वारा शुक्रवार को न्यायालय परिसर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। रंगों के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बार एवं बेंच के मध्य सौहार्द, सम्मान और सहयोग की भावना का जीवंत दृश्य देखने को मिला। समारोह में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अनंत भंडारी, जिला न्यायाधीश वाणिज्यिक न्यायालय प्रदीप कुमार वर्मा, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश संख्या-1 धीरज शर्मा,अतिरिक्त जिला न्यायाधीश संख्या -2 रिद्धिमा शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अर्चना गुप्ता सहित विभिन्न न्यायालयों के न्यायाधीशगण,संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी एवं बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अनंत भंडारी ने की। इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं हास्य प्रस्तुतियों ने न्यायालय परिसर को उत्साह और उल्लास से भर दिया।

## अवैध घुसपैठ और जनसांख्यिकीय बदलाव पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

- अवैध घुसपैठ को रोकना सरकार का संवैधानिक दायित्व
- उच्चतम न्यायालय ने भी समय समय पर दिए है सरकार को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश

जोधपुर (रंजन दवे)। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विधि संकाय एवं सीमाजन कल्याण समिति के तत्वावधान में पीएम उषा प्रायोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (हाइब्रिड मोड) का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि संजीव प्रकाश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अवैध घुसपैठ को रोकना सरकार का संवैधानिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर उच्चतम न्यायालय ने सरकार को इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। एनआरसी से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस नीतिगत कदम आवश्यक हैं।

मुख्य वक्ता के रूप में सीमा जागरण मंच के संयोजक मुरलीधर भिंडा ने कहा कि पड़ोसी देशों से होने वाली घुसपैठ केवल संख्या का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्र की पहचान और मूल्यों से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ देश की संप्रभुता के लिए गंभीर चुनौती है और इसके समाधान हेतु स्पष्ट सीमा नीति आवश्यक है।

उन्होंने '3D नीति'—डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट—का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार अवैध घुसपैठ रोकने के लिए कठोर कदम उठा रही है।

## बालोतरा में हुए सड़क हादसे में 6 लोगों की दर्दनाक मौत, गंभीर घायलों को लाया गया जोधपुर

बढ़ता राजस्थान






बालोतरा (रंजन दवे)। राजस्थान में जोधपुर से सांचौर की ओर जा रही एक निजी ट्रेवल की बस बालोतरा सड़क मार्ग पर आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई टक्कर इतनी भयंकर थी की मौके पर ही छह लोगों की मौत हो गई जबकि 9 यात्री घायल हुए हैं, वहीं कुछ अन्य को हल्की चोटें आई हैं।हादसे में , चार घायलों को जोधपुर रेफर कर दिया गया । मथुरादास माथुर अस्पताल में भर्ती एक घायल की हालात चिंताजनक बनी हुई। पुलिस और प्रशासन के साथ अस्पताल प्रशासन दुर्घटना के बाद से मुस्तैद नजर आया । घटना को लेकर हनुमान बेनीवाल हरीश चौधरी और केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ट्वीट कर दुख जताया है।

बाड़मेर जोधपुर सड़क मार्ग पर शुक्रवार दोपहर जोधपुर से सांचोर जा रही एम आर ट्रेवलर्स की एक स्लीपर बस सरवड़ी गांव मे आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई । टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का एक तरफ का हिस्सा पूरी तरह से आगे से क्षतिग्रस्त हो गया।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया।एसपी रमेश कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को बालोतरा के नाहटा अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतकों की पहचान की नगाराम पुत्र पाना देवासी निवासी सायला . 2 अनुषा पुत्री भगवानराम निवासी सांचौर . 3 नरपत निवासी चितलवाना . 4 युवराज पुत्र धारू राम , उम्र 5 साल जाति मेघवाल गांव राउता बागोड़ा . 5 शिवराज पुत्र धारू राम, उम्र 15 माह जाति मेघवाल गांव राउता बागोड़ा व एक अन्य व्यक्ति की मौत हुई है। सभी मृतकों के शवों को नाहटा अस्पताल में रखवाया गया है ,वहीं गभीर रूप से घायल चार यात्रियों को जोधपुर के एमडीएम अस्पताल लाया गया है।हादसे के बाद मौके पर पहुंची, घायलों और मृतकों के शवो को बस के आपातकाल गेट से बाहर निकला गया। पुलिस ने सड़क मार्ग को जाम से मुक्त करवाकर ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## केंद्रीय पर्यटन मंत्री और राजस्थान के चिकित्सा मंत्री की मौजूदगी में फुजीफिल्म इंडिया ने जोधपुर में शुरू की एंडोस्कोपी मैन्युफैक्चरिंग, 'मेक इन इंडिया' को मिलेगा बल

बढ़ता राजस्थान



जोधपुर (रंजन दवे)। एडवांस डायग्नोस्टिक इमेजिंग सॉल्यूशन के लिए प्रसिद्ध फुजीफिल्म इंडिया ने आज राजस्थान के जोधपुर में एंडोस्कोपी मैन्यूफेक्चरिंग यूनिट के उद्घाटन की घोषणा की। यह भारत में कंपनी की एंडोस्कोपी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है।यह पहल भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' योजना को मजबूत करने वाली पहल से देश में एंडोस्कोपी निर्माण का आधार मजबूत होगा और मिनिमली इनवेसिव डायग्नोस्टिक तकनीकों तक पहुंच बेहतर होगी।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह शेखावत जी, माननीय केंद्रीय मंत्री, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार थे, जबकि गजेंद्र सिंह खींवसर, माननीय कैबिनेट मंत्री, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, राजस्थान सरकार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गजेंद्र सिंह शेखावत जी ने कहा, "विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब हम स्वास्थ्य, तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर और मानव संसाधन जैसे क्षेत्रों में देश के भीतर विश्वस्तरीय क्षमता विकसित करेंगे

गजेंद्र सिंह खींवसर जी ने कहा, "विकसित राजस्थान @2047 का लक्ष्य रोजगार बढ़ाना, इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करना और आधुनिक तकनीक को बढ़ावा देना है। जोधपुर में एंडोस्कोपी निर्माण यूनिट शुरू होना इस बात का संकेत है कि राजस्थान का औद्योगिक माहौल निवेश के लिए अनुकूल है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और दीर्घकालिक औद्योगिक क्षमता विकसित होगी।"

फूजीफिल्म एशिया पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री हरुतो इवाटा ने कहा, "भारत में हेल्थकेयर सेक्टर तेजी से बदल रहा है। अब शुरुआती पहचान, कम इनवेसिव डायग्नोस्टिक्स और भरोसेमंद मेडिकल टेक्नोलॉजी पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। हम जापानी गुणवत्ता और आधुनिक एंडोस्कोपी तकनीक को भारत में लाकर डायग्नोस्टिक क्षमता मजबूत करना चाहते हैं। साथ ही हम टिकाऊ और उच्च गुणवत्ता वाली मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में योगदान देंगे।"इस अवसर पर हरुतो इवाटा, मैनेजिंग डायरेक्टर, फुजीफिल्म एशिया पेसिफिक प्राइवेट लिमिटेड तथा कोजी वाडा, मैनेजिंग डायरेक्टर, फुजीफिल्म इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सहित स्वास्थ्य क्षेत्र एवं सरकारी संस्थानों के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## विकसित भारत युवा संसद का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला एवं सरस डेयरी चेयरमैन श्री नितिन सांगवान अध्यक्षता में गौरी देवी महाविद्यालय में शुक्रवार को माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वाधान में विकसित भारतीय युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के 84 युवाओं ने आपातकाल के 50 साल और भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से अपने विचारों की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि युवा ही लोकतंत्र का भविष्य है।

## स्वच्छ स्वस्थ एवं समृद्ध समाज सेवा समिति का निःशुल्क बहुचिकित्सा शिविर एवं 19 वीं पुण्यतिथि भंडारा आज

बढ़ता राजस्थान

**खातौली (मुकेश गोस्वामी)।** खातौली कस्बे की गोण कृषि उपज मंडी में स्वच्छ स्वस्थ एवं समृद्ध सेवा समाज सेवा समिति के संरक्षक टीकमचंद गोयल एवं गिरिराज गोयल एवं नरेंद्र गोयल के पिता ब्रह्मलीन सेठ मदन मोहन गोयल की 19 वीं पुण्यतिथि पर लगातार जिले एवं तहसील क्षेत्र एवं अ_ारहवां क्षेत्र सताईसा क्षेत्र एवं मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले तक गाड़ियों में बैनर एवं माइक लगाकर पुण्यतिथि से 15 दिन पहले से ही सूचना प्रसार कर लोगों को निशुल्क बहु चिकित्सा शिविर मैं निशुल्क इलाज एवं डॉक्टरी परामर्श एवं भंडारा प्रसादी के लिए निमंत्रण दिए जिसमें हजारों की संख्या में लोग अपना इलाज एवं पुण्यतिथि भंडारा का प्रसाद ग्रहण करते हैं। स्वच्छ समृद्ध सेवा समिति के तत्वाधान में ब्रह्मलीन सेठ मदन मोहन गोयल कि 19 पुण्यतिथि के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थान-खातौली, कस्बे की गोण कृषि उपज मंडी में दिनांक 28 फरवरी 2026 को सुबह से लेकर शाम तक समिति अध्यक्ष कपिल शर्मा ने बताया कि नेत्र रोग विशेषज्ञ,नाक कान गला रोग विशेषज्ञ,पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ,अस्थि रोग विशेषज्ञ,नेचरोथेरेपिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत रोग, त्वचा रोग, लिवर हेपेटाइटिस बी, पेट मधुमेह रोग विशेषज्ञ, अग्निकर्म विशेषज्ञ, पंचकर्म विशेषज्ञ, आयुर्वेद विशेषज्ञ, होम्योपैथिक विशेषज्ञ, इलेक्ट्रो होम्योपैथी विशेषज्ञ, आहार रोग (डाइटिशियन) आदि विशेषज्ञ डॉक्टर वैद्य फिजियोथैरेपिस्ट के माध्यम से संपूर्ण रोगों की निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं निशुल्क औषधियां आदि की सेवाएं विभिन्न विशेषज्ञ द्वारा सहज रूप से निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

उपरोक्त कार्यक्रम हेतु आज बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्षता समिति के संरक्षक टीकम गोयल की तथा व्यवस्थाओं के वितरण किया गया प्रचार प्रसार एवं निमंत्रण के कार्य को अधिक गति से करने के लिए कार्यकर्ताओं एवं समिति के पदाधिकारी को प्रोत्साहित किया।

बैठक में गिरिराज गोयल, जगदीश शर्मा मुकेश गोयल सोनू गोयल, हेमू गोयल, सतीश पोरवाल, रोहित गोयल, प्रहलाद बेरवा हनुमान गुप्ता भुवनेश नागर, मोनू गोयल, नरेश सुवालका, हितेश गोयल, विशाल सेन, बृजमोहन गुर्जर,यशपाल यादव,मोनू मीना,यश गोयल आदि गोयल परिवार एवं समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनके पास चिकित्सा परामर्श के लिए दिनों तक इंतजार करना पड़ता है तथा दर-दर भटकना पड़ता है उन सभी की सेवाएं हमें एक ही दिन एक ही स्थान पर सेठ मदन मोहन गोयल की पुण्यतिथि पर लगातार निशुल्क इलाज करवाया जा रहा है।

## केम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित, 149 का हुआ प्राथमिक चयन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय द्वारा केम्पस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन शुक्रवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया गया। जिसमें श्रीराम लाईफ इंश्योरेन्स, चेकमेट सिक्योरिटी प्रा. लि., भटिया एण्ड कम्पनी, किसान वृद्धि बायो प्लांट प्रा. लि. कोटा, चैतन्य इंडिया, स्वतंत्र माइक्रो फाइनेंस, चम्बल ऑटो कोटा, केसी एनर्जी कोटा, इंडस्ट्रियल पावर कोटा, टेक दुर्गा इंजीनियरिंग कोटा में विभिन्न पदों के लिए कुल 149 आशार्थियों का प्राथमिक चयन किया गया।

उप निदेशक उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय मनोज कुमार पाठक ने बताया कि शिविर में 500 आशार्थियों ने भाग लिया, जिसमें से 47 आशार्थियों को कौशल प्रशिक्षण के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर में गौरी शंकर मीणा परियोजना प्रबंधक, रामराज मीणा सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग, पवन चौरसिया उप निदेशक आईटीआई उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त 24 रेलकर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा मंडल में शुक्रवार को रेल सेवा से निवृत्त हुए 24 रेलकर्मियों को मंडल कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंतिम निपटान राशि का भुगतान एनईएफटी माध्यम से किया गया। साथ ही उन्हें पेंशन भुगतान आदेश (आई-पास पोर्टल से), मानार्थ पास, परिचय पत्र तथा उदारीकृत चिकित्सा सुविधा कार्ड प्रदान किए गए। मंडल रेल प्रबंधक ने कर्मचारियों को अपनी सेवानिवृति पर मिलने वाली राशी को सावधानीपूर्वक निवेश करने एवं साइबर ठगों से बचने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अविरल शर्मा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक श्री भंवर सिंह,सहायक मंडल वित्त प्रबंधक श्री के एस हाडा,सहायक कार्मिक अधिकारी श्री विद्या भूषण भारती सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने खेली फूल व गुलाल की होली

बढ़ता राजस्थान

**निवाई।** बड़ा बाजार स्थित श्री गोविंद देव मंदिर में श्री वि_ल नामदेव टॉक क्षत्रिय दर्जी विकास समिति के सानिध्य में श्री नामदेव महिला मंडल के तत्वावधान में भव्य फागोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने फूल व गुलाल की जमकर होली खेली। कुपदीप टेलर ने बताया कि महिलाओं ने ठाकुर जी के अलौकिक और मनमोहक श्रृंगार करके आकर्षक झांकी सजाई। इस दौरान हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की सहित फाल्गुनी भजनों के जयकारों से मंदिर गुंजायमान हो गया।

# संभागीय आयुक्त ने किया नारी निकेतन, राजकीय बालिका गृह, शिशु गृह एवं नान्ता पुलिस थाना का निरीक्षण





बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल शुक्रवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, द्वारा संचालित राजकीय नारी निकेतन एवं राजकीय बालिका गृह एवं राजकीय विशेषज्ञ दत्तक गृहण ऐजेन्सी का निरीक्षण करने पहुंचे। संभागीय आयुक्त ने नारी निकेतन में विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

संभागीय आयुक्त ने नारी निकेतन में व्यवस्थाओं की जानकारी ली। संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सविता कृष्णिया ने बताया कि वर्तमान में नारी निकेतन कोटा में 11 महिलाएं आवासरत हैं जिनमें 9 महिलाएं मानसिक एवं 2 सामान्य है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा इसका संचालन वर्ष 2007 से किया जा रहा है। यहां जरुरतमंद निराश्रित, पीड़ित, असहाय महिलाओं को सुरक्षित आवास भोजन, वस्त्र, चिकित्सा, परामर्श तथा पुर्नवास सम्बंधी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। संस्था द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए गृह उपयोगी वस्तुएं, साज-सज्जा जैसे राखी बनाना, दिए बनाना एवं सिलाई कढ़ाई आदि का कार्य सिखाया जाता है। नारी निकेतन में प्रवेशित महिलाओं के पुर्नवास संबंधी आवश्यक प्रयास कर उन्हें परिजनों के सुपुर्द किया जाता है।

उन्होंने बताया कि नारी निकेतन कोटा में आवासरत महिलाएं जिनके माता-पिता या परिवारजन नहीं हैं उन महिलाओं का निदेशालय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर से स्वीकृति के बाद विवाह कर पुर्नवास भी किया जाता है।

### दत्तक गृहण एजेन्सी का किया निरीक्षण

संभागीय आयुक्त ने नारी निकेतन भवन परिसर में संचालित किए जा रहे राजकीय बालिका गृह एवं राजकीय विशेषज्ञ दत्तक गृहण एजेन्सी का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने संभागीय आयुक्त को जानकारी दी कि वर्तमान में बालिका गृह कोटा में 42 बालिकाएं आवासरत हैं एवं शिशु गृह में 5 शिशु आवासरत हैं। बालिका गृह में विभिन्न श्रेणियों जैसे पलायनकर्ता, गुमशुदा, निराश्रित, पॉक्सो पीड़ित एवं देखरेख संरक्षण की आवश्यकता वाली बालिकाओं को बाल कल्याण समिति के माध्यम से प्रवेश दिया जाता है। संस्था में बालिकाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शिक्षा व कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाता है। संभागीय आयुक्त ने नान्ता पुलिस थाना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां स्वागत कक्ष, मालखाना, कारागृह आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने थानाधिकारी को निर्देश दिए कि थाने में आने वाले परिवादियों को सम्मान दिया जाए और उनके परिवाद समय पर दर्ज कर उचित कार्रवाई कर राहत प्रदान की जाए।

## आरोग्य भारती चित्तौड़ प्रांत की चिकित्सकों की संगोष्ठी संपन्न




बढ़ता राजस्थान

**पीपल्दा/कोटा (मुकेश गोस्वामी)।** आरोग्य भारती, चित्तौड़ प्रांत द्वारा कोटा महानगर में शिशु वाटिका के स्वामी विवेकानंद डॉ.अशोक वार्ष्णेय विद्यालय, महावीर नगर तृतीय में एकीकृत चिकित्सा सुविधाओं की सामान्य जीवन में आवश्यकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सभी चिकित्सा पद्धतियों में आपसी सामंजस्य एवं समग्र दृष्टिकोण द्वारा मरीजों का बेहतर इलाज संभव। कोटा के सभी चिकित्सा पद्धतियों ,एलोपैथी, आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, योग, यूनानी, सिद्धा से जुड़े चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ ने इसमें अपनी सहभागिता दी।

आरोग्य भारती कोटा महानगर के अध्यक्ष डॉ. विपिन योगी ने बताया कि यह संगोष्ठी मरीजों के बेहतर इलाज के लिए सभी चिकित्सा पद्धतियों में बिना एक-दूसरे की पद्धतियों में हस्तक्षेप किए बिना कैसे एक-दूसरे की सहायता से लोगों को आरोग्यम एव खुशी की तरफ़ अग्रसर के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य वक्ता के रूप में आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव एवं आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के औषधि पादक बोर्ड के सदस्य डॉ.अशोक कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि सभी चिकित्सा पद्धतियों का अपना-अपना महत्व है और जनमानस के लिए सभी आवश्यक भी हैं। यदि मरीज को पूर्ण रूप से रोगमुक्त करना है तो सभी पद्धतियों के समावेश कर पूर्ण ईलाज संभव है। मुख्य अतिथि डॉ.अशोक शारदा ने कहा कि मिक्सोपेथी का मतलब यह नहीं है कि एक पद्धति का चिकित्सक दूसरी पद्धति का इलाज करने लगे और जानकारी के अभाव में मरीजों का नुकसान हो बल्कि हमें अपनी अपनी चिकित्सा पद्धतियों के गुणों को समझ कर ईलाज के लिए शामिल करना चाहिए।

आरोग्य भारती के चित्तौड़ प्रांत के अध्यक्ष वैद्य नित्यानंद शर्मा ने आभार व्यक्त किया तथा मंच संचालन डॉ. विकास थारवान ने किया।

## वेतन कटौती से आक्रोशः बूंदी जिला अस्पताल के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने पीएमओ को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला चिकित्सालय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों ने वेतन विसंगति और भुगतान में हो रही देरी को लेकर शुक्रवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया। संविदा निविदा एवं मानदेय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अमित गौतम के नेतृत्व में कर्मचारियों ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी नारायण मीणा को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की।

### मुख्य समस्या-वेतन में कटौती और देरी

जिलाध्यक्ष अमित गौतम ने बताया कि राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में प्लेसमेंट एजेंसीके माध्यम से कई कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। दूसरा महीना समाप्त होने को है, लेकिन अभी तक कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है।

जिन कुछ कर्मचारियों के खातों में वेतन आया भी है, उसमें से 501 की कटौती की गई है। श्रम विभाग की गाइडलाइन के अनुसार मूल वेतन में से 1 भी नहीं काटा जा सकता। इन अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए 500 भी बहुत मायने रखते हैं।



### पीएमओ की त्वरित कार्रवाई और आश्वासन

मामले की गंभीरता को देखते हुए पीएमओ डॉ. लक्ष्मी नारायण मीणा ने तुरंत एक्शन लिया। उन्होंने मौके पर ही दूरभाष के जरिए ह्त्रह्न संचालकों से बात की और निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों का बकाया वेतन तुरंत जारी किया जाए। काटी गई 501 की राशि को तत्काल वापस खातों में डाला जाए। पीएफ संबंधी रिकॉर्ड की जांच कर उसे शीघ्र जमा करवाया जाए। डॉ. मीणा ने कर्मचारियों को ढांढस बंधाते हुए कहा, आप सभी हमारे संस्थान का हिस्सा हैं, आपके साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अतिश वर्मा, नितेश सरोजा, कन्हैया लाल, पप्पू लाल मीणा, नीलम, ज्ञानेश्वरी, अनीता राठौर, राधिका, मोना, इशिता, ज्योति, निलाक्षी सुमन, राधा रानी, श्वेता शर्मा, आकाश नामा, त्रिलोक, गणेश, प्रतीक विजय वर्गीय, पुखराज रेगर, रतनलाल, पंकज गुर्जर, सोनू रेगर, सुचित कुमार, नरेश, जतिन सैनी, सुनील, मनोज मीणा सहित बड़ी संख्या में प्लेसमेंट कर्मचारी मौजूद रहे।

## कोटा-खाटू श्याम जी (रींगस मार्ग)-कोटा होली एक्सप्रेस स्पेशल का अंतिम फेरा 04 मार्च को

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** होली पर्व एवं खाटू श्याम जी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संचालित कोटा-खाटू श्याम जी (रींगस मार्ग)-कोटा होली एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन का एक फेरा संपन्न हो चुका है। इस विशेष ट्रेन का अगला एवं अंतिम निर्धारित फेरा दिनांक 04 मार्च 2026 को कोटा से संचालित किया जाएगा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09807 (कोटा-राशिदपुर खोरी) दिनांक 04.03.2026 (बुधवार) को कोटा स्टेशन से रात्रि 21.55 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन 22.38 बजे लाखेरी, 22.50 बजे इन्द्रगढ़ सुमेरगंज मंडी, अगले दिन 00.05 बजे सवाई माधोपुर, 02.02 बजे दुर्गापुरा, 02.30 बजे जयपुर, 02.50 बजे देहर का बालाजी, 03.13 बजे चौमूं सामोद, 03.40 बजे रींगस एवं 04.30 बजे सीकर पर ठहराव लेते हुए प्रातः 05.20 बजे राशिदपुर खोरी पहुंचेगी। रींगस स्टेशन खाटू श्याम जी के लिए निकटतम प्रमुख रेलवे स्टेशन है, जहां से सड़क मार्ग द्वारा खाटू धाम पहुंचा जा सकता है। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 09808 (राशिदपुर खोरी-कोटा) दिनांक 05.03.2026 (गुरुवार) को प्रातः 06.55 बजे राशिदपुर खोरी से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन 07.10 बजे सीकर, 08.00 बजे रींगस, 08.36 बजे चौमूं सामोद, 09.40 बजे देहर का बालाजी, 10.00 बजे जयपुर, 10.22 बजे दुर्गापुरा, 13.45 बजे सवाई माधोपुर, 14.38 बजे इन्द्रगढ़ सुमेरगंज मंडी एवं 14.50 बजे लाखेरी पर ठहराव लेते हुए अपराह्न 15.55 बजे कोटा पहुंचेगी।

## सकल जैन समाज के द्विवार्षिक चुनाव संपन्न, महावीर धनोप्या निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** सकल जैन समाज के द्विवार्षिक चुनाव गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए, जिसमें महावीर धनोप्या को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी त्रिलोकचंद जैन ने बताया कि समाज की एकता को देखते हुए सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

**निर्वाचन प्रक्रिया और नई कार्यकारिणी**

चुनाव के दौरान अध्यक्ष पद के लिए महावीर धनोप्या के नाम का प्रस्ताव नवीन गंगवाल ने रखा, जिसका समर्थन प्रताप छाजेड ने किया। वहीं, सचिव पद के लिए आदित्य भंडारी के नाम का प्रस्ताव ओमप्रकाश ठग ने दिया, जिसका समर्थन विमल भंडारी ने किया। किसी अन्य नाम के सामने न आने पर दोनों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।



**नवनिर्वाचित अध्यक्ष महावीर धनोप्या ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए निम्नलिखित नियुक्तियाँ कीं**

कार्याध्यक्ष- ओमप्रकाश बडजात्या,कोषाध्यक्ष- राम विलास जैन, संयुक्त सचिव ओमप्रकाश ठग, संरक्षक- त्रिलोकचंद जैन एवं संजय जैन, उपाध्यक्ष- समाज के सभी घटकों के अध्यक्षों को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

**महावीर जयंती की तैयारियाँ और विशेष आयोजन**

मीडिया प्रभारी रविंद्र काला ने जानकारी दी कि बैठक में आगामी महावीर जयंती को भव्य रूप से मनाने और समाज में एकजुटता लाने पर विशेष चर्चा हुई।

**प्रतियोगिताओं का आयोजन**

इस वर्ष भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार हेतु निबंध प्रतियोगिता तथा उनके जीवन पर आधारित सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए धर्मेंद्र जैन को उप-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**भक्तिमय रहा माहौल**

कार्यक्रम के दौरान नागदी बाजार बघेरवाल के अध्यक्ष महावीर हरसोरा, अनूप जैन तथा फनी भूषण सुरलाया ने महावीर जयंती को विस्तृत रूप देने हेतु अपने विचार साझा किए। अंत में फनी भूषण सुरलाया ने भगवान महावीर पर मधुर भजन प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष के सम्मान में विशेष गीत भी सुनाया, जिससे पूरा वातावरण उल्लासपूर्ण हो गया।

बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने विधानसभा में सरकार को घेरा

# बजट पर बरसे विधायक हरिमोहन शर्मा; आईटी और मिनी सचिवालय की मांग दोहराई

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी के विधायक ने शुक्रवार को विधानसभा में राजस्थान विनियोग विधेयक 2026 एवं राजस्थान वित्त विधेयक 2026 पर चर्चा के दौरान बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने क्षेत्र के विकास के लिए हुंकार भरी। विधायक शर्मा ने सदन में बूंदी में नगर विकास न्यास एवं मिनी सचिवालय की स्थापना की मांग को पुरजोर तरीके से उठाते हुए सरकार की वादाखिलाफी पर जमकर प्रहार किया।

**लोकसभा अध्यक्ष के आश्वासन की दिलाई याद**

विधायक शर्मा के निजी सचिव मनीष गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि विधायक शर्मा ने चर्चा के दौरान कहा कि मिनी सचिवालय के लिए स्वयं लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने सार्वजनिक रूप से आश्वासन दिया था। जनता की इस बेहद पुरानी और जायज मांग को पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि विनियोग विधेयक की घोषणा में लोकसभा अध्यक्ष की इच्छा और जनता की मांग का सम्मान करते हुए तुरंत आईटी और मिनी सचिवालय की घोषणा की जाए।

### संविदाकर्मियों और युवाओं के लिए उठाई आवाज

विधायक शर्मा ने भाजपा के संकल्प पत्र का हवाला देते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों, पंचायत सहायकों, मदरसा बोर्ड के शिक्षकों और कंप्यूटर अनुदेशकों के नियमितीकरण और मानदेय वृद्धि की मांग की। उन्होंने कहा कि 50 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा करने वाली सरकार अपने वादों में 70त्न तक विफल रही है, जो प्रदेश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने 24 घंटे सेवा देने वाले पुलिस कांस्टेबलों के हितों का भी ध्यान रखने की बात कही।

**सरकार के बजट और 'संकल्प पत्र6 पर तंज**

विधायक हरिमोहन शर्मा ने वित्त मंत्री दिया कुमारी की सदन में अनुपस्थिति पर सवाल उठाते हुए भाजपा के 2023 के चुनावी घोषणा पत्र को शर्मनाक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार अपने तीसरे बजट के बाद भी पहले साल के वादे पूरे नहीं कर पाई है। बूंदी के लिए घोषित 188 करोड़ के कार्यों पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, जब मैंने सुना तो खुशी हुई, लेकिन पता चला कि यह बजट नहीं बल्कि हुडको का कर्ज है। इसी संदर्भ में उन्होंने शायरी के जरिए सरकार पर तंज कसा

'खूब किया आपने हमारे जख्म का इलाज,

मरहम भी लगाया तो कांटे की नोक से।

**क्षेत्रीय मुद्दों और पूर्व विधायकों की समस्याओं पर ध्यान**

सदन में विधायक शर्मा ने पूर्व विधायकों की समस्याओं के निराकरण की मांग की। साथ ही, विधानसभा प्रक्रिया नियम 295 के तहत डाबी को नई पंचायत समिति बनाने और पंचायतों के पुनर्गठन में की गई 'राजनीतिक द्वेषता' को लेकर सरकार को आड़े हाथों लिया।

## सियाम ऑडिटोरियम में होगा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

- कोटा में 607 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को दिए जाएंगे नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को अजमेर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री 9 से 14 साल तक की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरुआत करेंगे। साथ ही, अजमेर में आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में प्रधानमंत्री राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित 21 हजार 863 युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। साथ ही, सियाम ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार उत्सव में कोटा जिले के 607 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील भारतीय किसानों के हितों पर कुठाराघात-सूपा

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** अभी हाल ही में भारत सरकार और अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील को राष्ट्रहित के खिलाफ बताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के अध्यक्ष दिनेश सूपा ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमेरिका के साथ की गई ट्रेडडील को पूर्णतया असंवैधानिक बताते हुए कहा कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में आकर अमेरिका को भारतीय बाजार से पूरा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की गई ट्रेडडील है। सूपा ने बताया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा प्रधानमंत्री मोदी ने सन 2022 तक भारतीय किसानों की आय को दोगुना करने तथा कृषि उत्पादों पर किसानों को अच्छा मुनाफा दिलाने का वायदा किया था।

इसके अलावा भारतीय किसानों की सम्मान निधि को भी बढ़ाने का वादा किया था, लेकिन ना तो किसानों की आय दुगनी हुई ना ही उनके कृषि उत्पादों पर अच्छा मुनाफा मिल रहा है और ना ही उनके सम्मान निधि को बढ़ाया गया है। प्रधानमंत्री द्वारा देश को अंधकार में धकेलने वाली इस नीति में भाजपा सरकार तथा प्रधानमंत्री का असली चाल, चरित्र एवं चेहरा दिखता है। सूपा ने कहा कि इस ट्रेडडील से अमेरिकी लोग स्क्रैप मैटेरियल को भी भारत में सुगमता तथा अच्छे मुनाफा से बेच सकेंगे,जिससे देश की अर्थव्यवस्था कमजोर होगी परिणामस्वरूप कृषि आधारित तथा अन्य व्यवसायों पर भी विपरीत असर पड़ेगा। सूपा ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि भारत की आधी से ज्यादा आबादी गांवों में निवास करती है जिनकी मुख्य आजीविका कृषि पर निर्भर है लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमेरिका के साथ की गई इस ट्रेडडील से देश के किसान एवं उनकी किसानी जड़मूल से खत्म होने के कगार पर पहुंच जाएगी। डीसीसी चीफ दिनेश सूपा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा दबाव में आकर किसी एक देश को विशेष लाभ पहुंचाने की दृष्टि से देश के नागरिकों के हितों पर कुठाराघात नहीं करना चाहिए था तथा प्रधानमंत्री को यह डील करते समय अन्य दलों के नेताओं का भी भरोसा जीतना चाहिए था।

श्री सूपा ने प्रधानमंत्री से इस डील को तुरंत निरस्त करने की भी मांग की। विरोध करने वाले अन्य पदाधिकारीयों में चुन्नी कप्तान, योगेश सिंघल,शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, दीनदयाल जाटव सेवर, हरस्वरूप सरपंच नदबई, बहादुर बयाना,गजेंद्र सिंह उच्चौन, सुगड़ खैरा वैर,महेश मीणा भुसावर, बहादुर बयाना, रविंद्र परमार रूपवास,महिला जिलाध्यक्ष बबीता शर्मा, निरंजन जघीना सेवादल, हरजीत छैन्प,पुष्पेंद्र बनो यूथ सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।

# चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** आजाद सेवा समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद चंद्रशेखर आजाद का बलिदान दिवस बीस्ट फिटनेस क्लब पर मनाया । आजाद सेवा समिति के अध्यक्ष सचिन सूरौता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर इंजीनियर जीतेन्द्र शर्मा ने किया ।इसके उपरांत कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने शहीद चंद्रशेखर आजाद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर आजाद को याद किया ।इस दौरान एडवोकेट सचिन सूरौता ने शहीद चंद्रशेखर आजाद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद चंद्रशेखर आजाद का देश को आजाद कराने में अतुलनीय योगदान रहा वो प्रखर देशभक्त थे। आजाद ने जीते जी कभी भी अंग्रेजी सिपाहियों के हाथ नहीं आने की शपथ ली थी और जब अंग्रेजी सिपाहियों ने उनको एक पार्क में चारों तरफ से घेर लिया तो आजाद ने डटकर अंग्रेजी सिपाहियों का सामना किया और जब उनकी पिस्टल में आखिरी गोली बची तो खुद की प्रतिज्ञा पूरी करने के लिए खुद में ही मार कर शहीद हो गये ।युवाओं को उनके जीवन से देशभक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए । इस दौरान उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति हेतु प्रेरित भी किया गया । इस अवसर पर हर्षित चौधरी, योगेश फौजदार सिकरोरा,चन्द्रजीत फौजदार,अमित चौधरी,लक्ष्यदीप चौधरी, धर्मेंद्र पहलवान,अनूप जादौन, बंटू,गोपाल,उदय,नवीन,गोविंद आदि मौजूद रहे।

# बीडीए की बोर्ड बैठक सम्पन्न, बजट एवं विकास कार्यों पर हुई विस्तृत चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक जिला कलक्टर एवं प्राधिकरण अध्यक्ष कमर चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को बीडीए सभागार में आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के वार्षिक बजट प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा प्राधिकरण की प्रशासनिक एवं विकासात्मक व्यवस्थाओं को अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने पर विचार-विमर्श किया गया।

प्राधिकरण में कार्यों की बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पदों के गठन के प्रस्ताव पर चर्चा की गई, ताकि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाई जा सके। इसके साथ ही प्राधिकरण क्षेत्राधिकार में नवीन आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाएं प्रारम्भ करने तथा शहर के समग्र विकास के लिए योजना एवं गैर-योजना क्षेत्रों में भविष्य में कराए जाने वाले निर्माण कार्यों की रूपरेखा पर मंथन किया गया।

बोर्ड बैठक में शहर में प्रमुख मार्गों के चौड़ाईकरण, प्राधिकरण की योजनाओं में नाली एवं सड़क निर्माण जैसे मूलभूत कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। गैर-योजना क्षेत्र के अंतर्गत शहर के विभिन्न चौराहों के सौंदर्यीकरण, फुटपाथ निर्माण एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने संबंधी कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने पर भी बल दिया गया। साथ ही शहर के ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने एवं सम्पूर्ण शहर की जल निकासी व्यवस्था को सुव्यवस्थित और वैज्ञानिक आधार पर विकसित करने के निर्देश प्रदान किए गए ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

बैठक में प्राधिकरण की योजनाओं के अंतर्गत भूमि के बदले भूमि दिए जाने वाले प्रकरणों में आ रही व्यवहारिक एवं प्रशासनिक समस्याओं पर भी गंभीरतापूर्वक चर्चा की गई। इन प्रकरणों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के लिए स्पष्ट प्रक्रिया अपनाने पर सहमति बनी। भूखण्ड आवंटन की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने हेतु एक मानक संचालन प्रक्रिया निर्धारित करने का निर्णय लिया गया, जिससे भविष्य में आवेदकों को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े और प्राधिकरण की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। बैठक में आयुक्त बीडीए कनिष्क कटारिया, अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लायंस इंटरनेशनल जिला स्तरीय बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 ई-1 के अंतर्गत रीजन-08, जॉन-3 की द्वितीय जॉन एडवाइजरी बैठक जॉन चेयरपर्सन लायन मंजू गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर, लायंस क्लब भरतपुर रॉयल्स एवं लायंस क्लब भरतपुर गोल्ड के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संयोजक विनोद सिंघल ने बताया कि बैठक के दौरान सभी क्लबों के अध्यक्षों एवं सचिवों ने जुलाई 2025 से 25 फरवरी 2026 तक संचालित सेवा प्रकल्पों, सदस्यता वृद्धि, प्रशासनिक गतिविधियों एवं सामाजिक कार्यों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें रॉयल्स क्लब द्वारा 58 सेवा गतिविधियों व कोहिनूर क्लब द्वारा 42 गतिविधियों का वितरण प्रस्तुत किया। विभिन्न क्लबों द्वारा अस्पताल सेवा, स्वास्थ्य शिविर, जरूरतमंदों की सहायता, जागरूकता अभियानों तथा अन्य सेवा कार्यों की जानकारी साझा की गई। रीजन चेयरपर्सन विनोद कुमार गर्ग एवं जॉन चेयरपर्सन लायन मंजू गुप्ता ने क्लबों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए आगामी समय में और अधिक प्रभावी सेवा गतिविधियों के आयोजन, सदस्यता विस्तार तथा समाज के वंचित वर्ग तक सहायता पहुंचाने पर विशेष बल दिया। बैठक में क्लबों के मध्य समन्वय को मजबूत करने तथा लायंस इंटरनेशनल के सेवा उद्देश्यों को और अधिक व्यापक रूप से समाज तक हुंचाने का संकल्प लिया गया। अंत में सभी पदाधिकारियों ने सेवा भावना के साथ निरंतर कार्य करते रहने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

मीटिंग में पूर्व रीजन चेयरपर्सन प्रवीण फौजदार, प्रेमपाल सिंह,,अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार गुप्ता, बृज मोहन गुप्ता, मदन मोहन शर्मा, सचिव रमेश चंद्र वर्मा, रूपेंद्र चौधरी,जय किशन एडवोकेट, कोषाध्यक्ष मनु राणा, संजय खंडेलवाल, उपाध्यक्ष डॉ राज कुमार शर्मा पूर्व जॉन चेयरपर्सन सुधीर सिंघल, कविता वर्मा, आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# मुख्यमंत्री रोजगार मेला कार्यक्रम आज

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अजमेर कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण

### नव नियुक्त युवाओं को मिलेंगे नियुक्ति पत्र

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अजमेर दौरे के अवसर पर आयोजित मुख्यमंत्री रोजगार मेले का लाईव प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शनिवार, 28 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे से बीडीए ऑडिटोरियम भरतपुर में आयोजित होगा।

जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार मेला कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों में नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही अजमेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा, जिससे जिले के लाभार्थी एवं आमजन कार्यक्रम से जुड़ सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर प्रधानमंत्री 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी टीके की खुराक देकर एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की लगभग 16 हजार 600 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात प्रदान करते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे।

अजमेर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित अन्य कैबिनेट मंत्रीगण एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को कार्यक्रम की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

# भरतपुर जिले के प्रमुख समाजसेवी एवं युवा व्यवसायी ओमप्रकाश सिंघल शोभायात्रा में बनेगें महामूर्खाधिराज

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** सर्व समाज महासभा के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल के द्वारा सर्व समाज के कराये जा रहे क्रांतिकारी कार्यो की भरतपुर की जनता उनकी तारीफकरते हुए नही थकती। इस संदर्भ इस पत्रकार ने भरतपुर के वयोवृद्व नेता एवं पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने भी उनकी तारीफ करते हुए कहा है कि अगर वह राजनीति में आगे बढना चाहते है तो मेरा आर्शीवाद हमेशा उनके साथ रहेगा। भरतपुर विधानसभा के विधायक डा0 सुभाष गर्ग ने कहा कि नेतागिरी अपने निजी स्वार्थो को परे रखकर की जाती है वो ही सच्चा नेता कहलाता है। ओमप्रकाश सिंघल में यह सभी खूबीया बखूवी देखने को मिलती है। भरतपुर की जनता उनकी महामूर्खाधिराज यात्रा आज निकाली जायेगी जो कुम्हेर गेट से प्रारंभ होकर मुख्य बाजारों में होते हुए कोतवाली, लक्ष्मण मंदिर, जामा मस्जिद, गंगा मंदिर, चौबुर्जा, मथुरा गेट होते हुए निकाली जायेगी। जिसमें विभिन्न आकर्षक झांकिया दर्शको को लुभाती नजर आयेगी।

### जीवन परिचय

- ओमप्रकाश सिंघल युवा व्यवसायी है उनके पिताजी बाबूलाल सिंघल पूर्व लेखाकार, भाई मुकेश सिंघल जिंदल स्टील में जनरल मैनेजर है एवं उनकी पत्नी श्रीमी जया सिंघल समासेविका एवं अग्रवाल महासभा की महिला उपाध्यक्ष है। ओमप्रकाश सिंघल स्वंय सरसो तेल मिल नमन इंडस्ट्रीज रीको, कमीशन एजेंट एवं ट्रेडर्स ओम ट्रेडिंग कंपनी, चौधरी ईट भटटा, पारस ईट उद्योग, प्रॉपटी इन्वेस्टर्स एवं ट्रेडर्स आदि का व्यवसाय है।

ओमप्रकाश सिंघल किशोरावस्था से ही स्कूल एवं कॉलेज राजनीति में सक्रिय रहे है एवं सम्पूर्ण वार्ड की समस्याओं के समाधान हमेशा कराते रहे है।

# इन्वर्टर बैटरी फटने से मचा हड़कंप, बड़ा हादसा टला

बढ़ता राजस्थान

**वैर ( सन्तोष पण्डित )।** कस्बा वैर के किला रोड स्थित रेडीमेड गारमेंट की दुकान में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दुकान में लगे इन्वर्टर की बैटरी अचानक तेज धमाके के साथ फट गई। इस घटना में किसी प्रकार की जान-माल की क्षति होने से बच गई।और बड़ा हादसा टल गया।



मिली जानकारी अनुसार किला रोड,सुनील शर्मा लखनपुर की दुकान में लगा इन्वर्टर अज्ञात कारणों से अचानक तेज विस्फोट के साथ फट गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीरों में हड़कंप मच गया।और मौके पर तमाशबीन लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ समय के लिए क्षेत्र सुनसान सा हो गया। पीड़ित सुनील शर्मा ने बताया कि इन्वर्टर की बैटरी में अज्ञात कारणों से अचानक तेज धमाका हुआ। उस समय दुकान में ग्राहक भी मौजूद थे, लेकिन सौभाग्य से किसी को कोई क्षति नहीं हुई और दुकान में रखे सामान को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इन्वर्टर और बैटरी के नियमित रखरखाव, समय-समय पर जांच तथा सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

# नदबई में आंवला एकादशी मनाई, महिलाओं ने रखा व्रत आंवले के पेड़ पर बांधा धागा, परिक्रमा कर कथा सुनी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** नदबई में शुक्रवार को फाल्गुन शुक्ल पक्ष की आंवला एकादशी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। सुबह से ही मंदिरों और आंवला वृक्षों के समीप महिलाओं की भीड़ उमड़ने लगी। व्रतधारी महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आंवले के वृक्ष की परिक्रमा की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे वातावरण में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार की ध्वनि गूंजती रही।

### महिलाओं ने रखा व्रत, की विशेष पूजा-अर्चना

इस अवसर पर महिलाओं ने निर्जला एवं फलाहार व्रत रखकर भगवान विष्णु की आराधना की। आंवले के वृक्ष के नीचे दीप प्रज्वलित कर कच्चा सूत बांधा गया तथा सात, ग्यारह और इक्कीस बार परिक्रमा की गई। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से कथा श्रवण का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पंडित घनश्याम शर्मा ने बताया कि, आंवला एकादशी पर भगवान विष्णु तथा आंवले के वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो भी श्रद्धालु इस एकादशी का व्रत करता है, उसे सौ गौदान के समान पुण्य फल की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि, इस दिन भगवान विष्णु आंवले के वृक्ष में निवास करते हैं, इसलिए वृक्ष की पूजा करने से विशेष कृपा प्राप्त होती है।

# बयाना में होली से पहले किन्नरों की धमक, नाच-गाकर दी शुभकामनाएं, दुकानदारों ने दी बख्शीश लिया आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान



**बयाना ( अमन झालानी )।** होली के त्योहार से पहले शहर के बाजारों में किन्नरों की रौनक देखने को मिल रही है। किन्नर टोली बाजारों में पहुंचकर नाच-गाकर लोगों का मनोरंजन कर रही है और दुकानदारों, ग्राहकों व महिलाओं को होली की शुभकामनाएं दे रही है। किन्नर मुखिया पूनम मौसी के नेतृत्व में आई टोली ने बाजारों में पारंपरिक अंदाज में नृत्य-गान प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने सभी की सुख-समृद्धि और अच्छे दिनों की कामना करते हुए खुशहाली का आशीर्वाद दिया ।बाजारों में पहुंचे किन्नरों को दुकानदारों और अन्य लोगों ने होली की ईनाम स्वरूप नगद राशि एवं उपहार भेंट किए। लोगों ने बख्शीश देकर उनका आशीर्वाद लिया ।स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि किन्नरों का आशीर्वाद कभी व्यर्थ नहीं जाता। मान्यता है कि वे मन से आशीर्वाद दें तो वह अवश्य फलित होता है। यही कारण है कि लोग उन्हें सम्मानपूर्वक बख्शीश देकर प्रसन्न करते हैं और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। होली से पहले बाजारों में किन्नरों की यह पारंपरिक उपस्थिति उत्सव के माहौल को और अधिक उल्लासपूर्ण बना रही है।

# मदेरणा परिवार के हर जायज काम में साथ रहूंगी वसुंधरा

### मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता परसराम मदेरणा को दी श्रद्धांजलि, भोपालगढ़ गर्ल्स कॉलेज होगा दिवंगत नेता के नाम

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** राजे अपने पुत्र सांसद दुष्यंतसिंह के साथ कांग्रेस के दिग्गज नेता स्व. परसराम मदेरणा के गांव पहुंचकर उनकी समाधि पर पुष्प चक्र चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने श्रद्धांजलि सभा में कहा कि वे यहां मुख्यमंत्री की हैसियत से नहीं बल्कि मदेरणा परिवार के सदस्य के रूप में आई हैं, ताकि आत्मा से आत्मा को जोडा जा सकें। उन्होंने महिपाल मदेरणा,उनकी पत्नी लीला, पुत्री दिव्या सहित समूचे परिवार के सदस्यों को आश्वस्त करने की कोशिश की कि वे उनके हर जायज काम में एक परिवार के सदस्य के नाते साथ रहेंगी। परसराम मदेरणा को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जो संस्कार हमें दिए हैं और हमने उनसे जो सिखा है, उसी का भरोसा दिलाती हूं कि हम सब लोग मिलकर उनके सपने को पूरा करेंगे। इसके पहले दो मिनट का मौन रखा गया।

# सांभर झील में हुआ भव्य सांभर बर्ड फेस्टिवल का आयोजन

**जयपुर।** विश्व प्रसिद्ध खारे जल की झील सांभर लेक में शुक्रवार को वन विभाग के तत्वावधान में कोच्या की ढाणी स्थित इंटरप्रिटेशन सेंटर परिसर में एक दिवसीय सांभर बर्ड फेस्टिवल का भव्य आयोजन हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों, पर्यटकों एवं स्थानीय समुदाय को झील की समृद्ध वेटलैंड पारिस्थितिकी, जैव विविधता तथा प्रवासी पक्षियों के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। प्राकृतिक धरोहर के संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता को केंद्र में रखकर आयोजित इस फेस्टिवल ने पर्यावरण जागरूकता का सशक्त संदेश दिया।

# ब्रज के द्वापर कालीन तीर्थ स्थल आदि बद्री क्षेत्र की पाँचवी पैदल परिक्रमा का हुआ शुभारंभ

## 400 साधु संत और ब्रजवासी संकीर्तन करते हुए नीलघाटी की यात्रा कर जटेरी धाम पहुंचे

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग के ब्रज अंचल के द्वापर कालीन तीर्थ स्थल आदि बद्री से ब्रज के विरक्त संत रमेश बाबा और आदि बद्री के महंत बाबा शिवराम दास के सानिध्य में आदि बद्री की पांचवी पद यात्रा का शुक्रवार को राधा रानी के संकीर्तन के साथ बड़े उत्साह से शुभारंभ हुआ ।इस पद यात्रा में करीब 400 साधु संत और ब्रजवासी शामिल है।

यात्रा के शुभारंभ के अवसर पद यात्रियों को संबोधित करते हुए मां मंदिर बरसाना के कार्यकारी अध्यक्ष राधा कृष्ण शास्त्री ने कहा कहा कि ब्रज वसुंधरा की पावन लीला स्थलीयों के महात्म्य को आज कौन नहीं जानता? ब्रह्मा शंकर व स्वयं जगदाधार परम परमेश्वर भगवान भी इन स्थलियों के दर्शन और प्रवास के लिए लालायित रहते हैँ द्य करोड़ों सनातन धर्मियों की आस्था के केंद्र आदि बद्री के दिव्यपर्वतों को खनन माफिया द्वारा जब ईनामाइट से उड़ाया जा रहा था तब ब्रज के परम विरक्त संत पद्मश्री रमेश बाबा ने इनकी रक्षा का बीड़ा उठाया, और मान मंदिर एवं आदि बद्री धांम के संयुक्त तत्वाधान में लम्बा आंदोलन किया गया ,तब जाकर राजस्थान सरकार द्वारा 2022में इन्हे संरक्षित वन क्षेत्र घोषित किया गया। यद्यपि इस आंदोलन में एक संत विजय बाबा को आत्मदाह कर अपने प्राणों की आहुति भी देनी पड़ी द्य उन्हीं की स्मृति स्वरूप और पर्वतों के महात्म्य को ध्यान रखते हुए तभी से महंत शिवराम दास जी और मान मंदिर के संत रमेश बाबा के सानिध्य में आदि बद्री क्षेत्र की परिक्रमा होने लगी हैद्य इस वर्ष यह पाँचवी पद यात्रा है । शुक्रवार को यह पद यात्रा आदि बद्री धाम से शुरू होकर नील घाटी गदरवास. रुंध खोह. हयात पुर होते हुए जटेरी धाम पहुंची द्य इस दौरान ब्रज गोपियों ने पूरे रास्ते नृत्य करते हुए परिक्रमा पूरी की ।इस अवसर पर मान मंदिर के कार्य कारी अध्यक्ष राधा कांत शास्त्री ,सचिव सुनील सिंह तथा महंत शिवराम दासजी ने प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम से अपेक्षा की है कि वह इन पर्वतों की महिमा से अवगत हैं, और आंदोलन के हिस्से भी रहे हैं द्य वह



आदि बद्री पर्वत की परिक्रमा का निर्माण कराये ताकि ब्रज वासियों को परिक्रमा करने में कष्ट न हो । शनिवार को यह पैदल परिक्रमा जटेरी धाम से चलकर डावक पहुंचेगी ।

# डॉ. हिमानी सोलंकी का एमडी एनेस्थीसिया में चयन, क्षेत्र का नाम किया रोशन

बढ़ता राजस्थान




**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** बड़ोली निवासी डॉ. हिमानी सोलंकी का एमडी एनेस्थीसिया में चयन आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में हुआ है। यह उपलब्धि उनके परिवार एवं क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। डॉ. हिमानी सोलंकी भगवान सिंह बडोली की पुत्री एवं एडवोकेट लक्ष्मण सिंह बडोली की भतीजी हैं। उन्होंने वर्ष 2016 से 2022 के बीच अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पेसिफिक मेडिकल कॉलेज उदयपुर से पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने महात्मा गांधी चिकित्सालय भीलवाड़ा में मेडिकल अफसर के रूप में दो वर्षों तक सेवाएं दीं। डॉ. हिमानी का ससुराल ग्राम भीमगढ़, जिला बांसवाड़ा में है। उनके पति मनिंदर सिंह चौहान भी चिकित्सक हैं तथा वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर असम में पिछले दो वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। डॉ. हिमानी सोलंकी की इस सफलता पर परिवारजनों, रिश्तेदारों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# मंड़ी में पहुंचे 15 हजार सरसों के कटटे, 5800 से 6200 तक बिकी सरसों

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** कृषि उपज मण्डी में सरसों की बम्पर आवक शुरू होने के साथ मंडी परिसर में रोनक होने लगी है। शुक्रवार को करीब 15 हजार सरसों के कट्टों की आवक हुई है। सरसों के भाव 5 हजार 800 से 6 हजार 200 रूपए तक रहे है। व्यापार मण्डल के दीपक गुप्ता ने बताया कि मण्डी में प्रतिदिन करीब 15 हजार से अधिक सरसों के कटटों की आवक होने लगी है। इस दौरान सुबह 10 बजे से देर शाम तक मण्डी में सैंकड़ों किसानों का जमावड़ा जमा रहता है। देर रात तक कैन्टिनों पर भीड़ रहने लगी है। किसान मण्डी में जुगाड़, जीपे, पिकअप, ट्रक एवं टैक्ट्रर-टॉलियों सहित सैंकडों वाहनों से जींस लेकर आ रहे है। मण्डी के बाहर लगी स्टाले व होटलों पर भी किसानों की भीड़ लगने लगी है।

# शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं पर हुवे हमले के विरोध में राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने कपासन में सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने शिक्षक व बच्चो की सुरक्षा को लेकर शिक्षा मंत्री के नाम शुक्रवार को तहसीलदार नासिर बेग मिर्जा को ज्ञापन सौंपा गया ।जिसमे शिक्षकों द्वारा शैक्षणिक कार्य के दौरान विद्यालय में सुरक्षा की माकूल व्यवस्था करने की मांग की गयी है।

शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने बताया कि विगत चार दिनों में प्रदेश के बीकानेर एवं बाड़मेर में शिक्षक व बच्चो पर हमले हुवे है ।जिसके तहत स्कूल परिसर में छात्रा का अपहरण तथा छात्र पर कुत्ते द्वारा हमला करने की दुखद घटनाएं हुई है ।ऐसी घटनाओं के चलते प्रदेशभर के शिक्षक,बच्चो एवं अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त है ।ब्लॉक मंत्री दिनेश चौधरी ने बताया कि उक्त परिस्थितियों में शिक्षक व बच्चे अपने दायित्वों का निर्वहन सही तरीके से नही कर पाते है।

इधर राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के जिलाध्यक्ष जयपाल बुरड़क एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि आमजन द्वारा विद्यालय में आकर अशोभनीय व्यवहार राजकार्य में बाधा है ।जो अपराध की श्रेणी में आता है ।सरकार को विद्यालय परिसर में अशोभनीय घटनाओं को रोकने हेतु ठोस कदम उठाने चाहिये ।जिससे विद्यालय में भयमुक्त शैक्षणिक वातावरण बना रहे ।संघर्ष समिति जिला संयोजक बलबीर चौधरी ने बताया कि सरकार शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की सुरक्षा की माकूल व्यवस्था करें। अन्यथा शिक्षक समुदाय विद्यार्थियो एवं अभिभावकों के साथ मिलकर बड़ा निर्णय लेगा ।जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं प्रशासन की होगी।

इस ज्ञापन प्रक्रिया के दौरान जिला उपाध्यक्ष रामसिंह चौधरी, वरिष्ठ ब्लॉक उपाध्यक्ष चंदन छोरा, परमेश्वर जोया, ब्लॉक सभाध्यक्ष श्रीराम, उपाध्यक्ष फारूक खान, ब्लॉक कोषाध्यक्ष प्रमोद जांगिड़, जिला कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम कुमावत, हीरालाल बैरवा, रामचंद्र, रामनारायण विश्नोई आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# कैंपस प्लेसमेंट शिविर में 565 युवाओं को मिला रोजगार व प्रशिक्षण का अवसर

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़।** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय चित्तौड़गढ़ एवं विजन कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर रोड स्थित विजन कॉलेज परिसर में शुक्रवार को कैंपस प्लेसमेंट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला रोजगार अधिकारी राहुल देव सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉ. माजिद हुसैन खान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाए।

# बेटियों ने थामा विज्ञान का दामनः वर्धमान महाविद्यालय में 'वीमेन इन साइंस संग राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर वर्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में विज्ञान विभाग की ओर से 'वीमेन इन साइंस थीम के साथ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में गणित व्याख्याता पंकज शर्मा ने बताया कि यह दिवस महान वैज्ञानिक सर सी.वी. रमन की 'रमन प्रभाव खोज की स्मृति में मनाया जाता है, जिसके लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार मिला था प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढा ने कहा कि यह पहल छात्राओं में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और विज्ञान में करियर के प्रति प्रेरणा जगाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में संकाय सदस्य, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# वायु शक्ति 2026 में भारतीय वायुसेना ने दिखाया दमखम, छः ठिकानों पर सेना के विमानों ने गिराए बम, ड्रोन से दिखाई ऑपरेशन सिंदूर की कहानी

बढ़ता राजस्थान



**जोधपुर (रंजन दवे)।** भारतीय वायुसेना की सबसे बड़ी वॉर एक्सरसाइज वायुशक्ति 2026 के तहत दिन और रात के मिश्रित युद्ध अभ्यास के तहत एक से बढ़कर एक टारगेट पर भारतीय वायुसेना के विमानों ने बमवर्षा से पाकिस्तान के समीप के सरहदी इलाके पूरे को थर्रा दिया। जैसलमेर के पोकरण की चांधन फाईरिंग रेंज में वायु शक्ति 2026 का सुपर सोनिक बूम के साथ हुए आगाज में राष्ट्रपति की द्रौपदी मुर्मू रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और सेना के अधिकारी साक्षी बने।

बॉर्डर इलाके में 'ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर बमबारी हुई।नो चरणों मे वायुशक्ति वार एक्सरसाइज में एक के बाद एक छद्म ठिकानों पर भारतीय वायु सेवा के विमान ने बमबारी कर उन्हें ध्वस्त किया। इसके अलावा पुलवामा हमले और आतंकवादी हमले को लेकर की गई जवाबी कार्रवाई के साथ साथ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के रडार और एयर डिफेंस सिस्टम की लोकेशन पता कर उसे ध्वस्त किये जाने को वायुसैनिकों ने जीवंत दिखाया।ऑपरेशन सिंदूर की तरह जगुआर और मिराज ने दुश्मन के रनवे और हैंगर को उड़ाया । एयरफोर्स की महिला फाइटर पायलट अवनि चतुर्वेदी ने सुखोई एमकेआई 30 विमान से डॉग फाइट दिखाई । सुखोई ने जगुआर विमान के साथ डॉग फाइट किया ।इस युद्धाभ्यास में पहली बार सी -130 विमान रात में रनवे पर उतरा, जिसने भारतीय वायुसेना के विशेष दस्ते गरुड़ कमांडो को सीधे वॉर जोन में उतारा ओर छद्म ऑपरेशन को अंजाम देकर रेस्क्यू किया।

इस अभ्यास को देखने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी पहुंची हैं । जहां राज्यपाल हरिभाऊ बागड़ , रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उनकी अगवानी की । इससे पूर्व शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रचंड में को - पायलट के तौर पर उड़ान भरी । 25 मिनट की इस उड़ान में उन्होंने पोकरण न्यूक्लियर साइट और फिल्ड फायरिंग रेंज का हवाई जायजा लिया।

### ड्रोन शो से जीवंत की ऑपरेशन सिंदूर की कहानी

वायु शक्ति 2026 में ड्रोन शो आकर्षण का केंद्र रहा जहां की ऑपरेशन सिंदूर की कहानी ड्रोन के माध्यम से दिखाई गई। सेना के पराक्रम और शौर्य को ड्रोन के माध्यम से तस्वीर उकार कर समझाया गया ।एयरफोर्स ने निर्मलजीत सिंह सेखों के शौर्य को ड्रोन के जरिए उनकी तस्वीर बनाकर सलाम किया।

# एडवोकेट सूर्यप्रकाश सरगरा रेवेन्यू सलाहकार समिति सदस्य नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** जिला अभिभाषक संस्था द्वारा राजस्व न्यायालय एवं परिसर में अधिवक्ताओं की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से रेवेन्यू सलाहकार समिति का गठन किया गया है। समिति में अधिवक्ता सूर्यप्रकाश सरगरा को सदस्य नियुक्त किया गया है।

जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ के नेतृत्व में गठित इस समिति की घोषणा की गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह-सचिव आदित्य सिंह चौहान एवं पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली उपस्थित रहे।

समिति में रणवीर सिंह राणावत, मांगी लाल सेन, सुरेश चंद्र सुवालका, जगदीश चंद्र दाधीच, भेरू लाल वैष्णव, ज्योति जागेटिया तथा सूर्यप्रकाश सरगरा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह समिति राजस्व न्यायालय एवं परिसर में अधिवक्ताओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं, शिकायतों एवं व्यवस्थागत मुद्दों के समाधान हेतु कार्य करेगी।

अधिवक्ता सूर्यप्रकाश सरगरा को समिति में शामिल किए जाने पर अधिवक्ताओं में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर अधिवक्ता पीरू सिंह गौड़, अनिल पारीक, राजकुमार सोनी, नवनीत कुमावत, अनीता व्यास, बालू लाल उपाध्याय, सरिता स्वर्णकार, गायत्री साहू सहित कई अधिवक्ताओं ने उन्हें माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।



# समाज का सम्मान, सेवा का संकल्पः भरत बाघमार व एडवोकेट पवन बाघमार का अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर सामाजिक हित को सर्वोपरि रखने के संदेश के साथ सर्व मेघवंशी मेघवाल समाज ब्यावर द्वारा निवर्तमान पार्षद भरत बाघमार एवं एडवोकेट पवन बाघमार का भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। यह समारोह 26 फरवरी को शाहपुरा मोहल्ला स्थित दुर्गा चौक सामुदायिक भवन में समाज के अध्यक्ष गुरु शरण गोयल व सामाजिक संस्थाओं के सानिध्य में आयोजित हुआ गौरतलब है कि भरत बाघमार को कांग्रेस के प्रथम नगर अध्यक्ष ब्यावर तथा एडवोकेट पवन बाघमार को नगर परिषद ब्यावर का विधि सलाहकार (राज्य सरकार) एवं केंद्र सरकार द्वारा अतिरिक्त स्थाई वकील (एडिशनल स्टैंडिंग गवर्नमेंट काउंसल) बनाए जाने पर समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया समारोह में पूर्व पार्षद अर्जुन सिंह आदरा, संजय चौहान, सोमेश भाटी, कैलाश चंद्र गंदेर, भंवरलाल पिंडियार, तिलोक तालेपा, सुनील तालेपा, के.एल. बुनकर, कैलाश चंद्र, बाबूलाल सोनल, रतन सिंह हेजू, हीरालाल सिंगला, पुखराज वानर, जगदीश प्रसाद गोयल, मोहन तालेपा, शानू मेघवाल, टी.सी. वर्मा, दीपक जोरम, लक्की मकवाना, पप्पू तंवर, विनोद जनागल, मनोज भंवरिया, विजेंद्र कटारिया, नेमीचंद महाराज, मनीष कुमार, सुरेश चंद्र बागोटिया, प्रकाश चंद बागोटिया, डॉ. राजेंद्र गुजरिया, शशिकांत मेहचंद, अशोक आदरा, शांतिलाल भाटी, विनोद कुमार मिंडल सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।

# होली एवं रमजान के मद्देनजर धारा 163 प्रभावी

बढ़ता राजस्थान

अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. मंजू ने हिन्दू समुदाय द्वारा होली एवं मुस्लिम समुदाय के पवित्र रमजान माह को शान्तिपूर्वक एवं सद्भावना से मनाने हेतु त्योहार के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, सामान्य जनजीवन एवं लोक शान्ति बनाए रखने हेतु नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण श्रीगंगानगर जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार विभिन्न गतिविधियों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के आग्नेय शस्त्र जैसे रिवॉल्वर, पिस्टल, राइफल, बन्दूक, टोपीदार बन्दूक तथा तेज धारदार हथियार, लाठी, हॉकी (स्टिक) इत्यादि साथ में लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं घूमेगा, न ही एकत्रीकरण करेगा, न ही वितरण एवं सार्वजनिक स्थान पर उनका प्रदर्शन करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर जा रहे व्यक्ति एवं वाहन अथवा वाहन में यात्रा करने वाले व्यक्ति पर रंग, ऑयल एवं तारपीनयुक्त रंग पानी एवं रंग से भरे गुब्बारे नहीं छोड़ेगा।

सुरक्षा से संबधित समस्त अधिकारियां/कर्मचारियों पर जो अपने कर्त्तव्य के निर्वहन के लिए हथियार रखने हेतु अधिकृत हैं, पर प्रतिबन्ध नहीं रहेगा।

# अब बदलेगी नैनवां नवल सागर की तस्वीर, सौन्दर्यकरण एंव पर्यटक के तौर पर होगा विकसित

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां (टी.आर सैनी)।** शहर के नवल सागर तालाब एंव प्राचीन छतरियां,घाट ,गार्डन सहित 21 फीट ऊंची श्रीराम की मूर्ति स्थापित किया जाने से अब यहाँ की फिजांए बदलने वाली है । शुक्रवार को पूर्व कृषि मंत्री डॉं प्रभूलाल सैनी ने पीडब्ल्यूडी एससी मुकेश गुप्ता,एक्शन हरिराम मीणा,एईन सोनू नागर,प्रधान पदम नागर , पूर्व चैयरमैन प्रमोद जैन, पूर्व शहर अध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी, पार्षदओमप्रकाश गुर्जर, हरिराम मीणा,पूर्व पार्षद भंवर सिंह सोलंकी,मोनू सैनी,अटल सोनी सहित कई कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में नवलसागर तालाब का अवलोकन किया । सौंदर्य करण के लिए प्रस्तावित कार्यों की रूपरेखा तय की गई । मौके पर पूर्व कृषि मंत्री प्रभु लाल सैनी ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि अप्रैल माह तक टेंडर प्रक्रिया संपन्न करते हुए प्रथम पेज का कार्य शुरू करें 7 धार्मिक एवं सौंदर्य करण का कार्य नैनवां की आम जनता की भावना के अनुरूप ही किया जाएगा। प्रथम पेज के कार्य में 3 करोड़ 20 लख रुपये लगेंगे। इसके बाद दूसरे पेज का कार्य प्रस्तावित प्रपोज के अनुसार खर्च किए जाएंगे ।

### सौंदर्यकरण एवं पर्यटक स्थल के रूप में मिलेगी पहचान

धार्मिक एंव सौन्दर्यकरण के तौर पर चरितार्थ नवल सागर की अब फिंजा बदलने वाली है। कॅवर नैनसिंह की छतरिया,बादलिया बाग एंव प्राचीन छतरिया मौजूद होने से यह तालाब आस्था से जुड़ा हुआ है। भाजपा सरकार में अब इस तालाब को सौन्दर्यकरण एंव पर्यटक के तौर डेवलप किया जाएगा 7 सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता बताया कि राज्य सरकार द्वारा गत बजट घोषणा में नवल सागर तालाब नैनवां के सौंदर्य करण के लिए 15 करोड रुपए की राशि प्रभु लाल सैनी पूर्व कृषि मंत्री एवं प्रदेश उपाध्यक्ष के प्रयासों से पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है। जिसके प्रथम चरण में राज्य सरकार द्वारा 3 करोड़ 63 लाख 97 हजार रुपए की राशि की वित्तीय स्वीकृति दिनांक 14 जुलाई 2025 को पर्यटन विभाग द्वारा जारी कर सार्वजनिक निर्माण विभाग को कार्यकारी एजेंसी बनाया गया है। प्रथम पेज में सुलभ कंपलेक्स सेनेटरी वर्क, इलेक्ट्रिक कार्य डेवलपमेंट लैंड स्किल डेवलपमेंट भगवान श्री राम की प्रतिमा स्थापित की जावेगी। प्रथम फेज के कार्य पूर्ण होने के उपरांत द्वितीय फेज के कार्य की वित्तीय स्वीकृति जारी हो जावेगी। कार्यों से कस्बे का चैमुखी विकास व पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

# धुलंडी पर्व पर शहर में पेयजल आपूर्ति का समय हुआ निर्धारित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के निर्देशानुसार होली व धुलंडी के पर्व को लेकर शहरी जल योजना अन्तर्गत शहर में पेयजल आपूर्ति के समय को संसोधित किया है। विभाग के सहायक अभियंता राकेशकुमार बैरवा ने बताया कि होली व धुलंडी के पर्व को लेकर शहरी जल योजना अन्तर्गत शहर में जमात क्षेत्र में 12 से 1 बजे तक, शिवाजी कालोनी गली नं. 1 व पुलिस थाने के पीछे 12 से 1 बजे तक, शिवाजी कॉलोनी, भगतसिंह कॉलोनी व कृषि मंडी के पीछे के क्षेत्र में 12:30 से 1:30, टैगोर नगर, कीर कॉलोनी, बसंत कालोनी, अर्जुन नगर में 1 से 2 बजे तक, इंदिरा कॅालोनी, टंकी क्षेत्र, जैन कॉलोनी, जलदाय विभाग ऑफिस के आस-पास के क्षेत्र में 1 से 2 बजे तक, रैगरो का मोहल्ला टंकी व आसपास के क्षेत्र में 12:30 से 1:30 बजे तक, शहर के मुख्य बाजार, पुरानी निवाई व संतोषी माता मंदिर व टंकी के आस पास के क्षेत्र में 1 से 2 बजे तक, गणेश नगर में 12 से 1 बजे तक, भरकुआं तालाब रोड के आस-पास के क्षेत्र में 1 से 2 बजे तक, कल्याण नगर, राधेबिहार कालोनी, बावडी वाले बालाजी के आस-पास के क्षेत्र में 12 से 1 बजे तक, मालियों का मोहल्ला व खंगार मोहल्ला में 12 से 2 बजे तक, घाटी मोहल्ला, सिधी कॉलोनी, श्रीराम कालोनी क्षेत्र में 12:30 से 1:30 बजे तक, दीनदयाल कालोनी, सुभाष कालोनी में 1:30 से 4 बजे तक पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इसी प्रकार ग्राम पचायत वनस्थली व झिलाय में दोपहर 1 से 2 बजे तक पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

# जेके सीमेंट की पहल से मांगरोल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान



**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** जेके सीमेंट वर्क्स लिमिटेड निम्बाहेड़ा एवं मांगरोल के यूनिट हेड मनीष तोषनीवाल के निर्देशन पर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सी एस आर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मांगरोल निम्बाहेड़ा ब्लॉक जिला चित्तौड़गढ़ में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया

जेके सीमेंट द्वारा ग्रीन पहाड़ी फाउंडेशन के साथ पार्टनरशिप में स्पर्श प्रोजेक्ट को इंप्लीमेंट करने के लिए आयोजित ग्राम मांगरोल में इस मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन कार्यक्रम जेके सीमेंट के इनिशिएटिव स्पर्श के अंतर्गत किया गया था जिसका उद्देश्य सेनेटरी नैपकिन उपक्रम के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के अवसर देना और स्वास्थ्य के प्रति आगामी आने वाले समय में 40 से अधिक गांव और निंबाड़ा नगर परिषद में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता विशेष कर महावारी स्वच्छता पर जागरूकता है।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ जेके सीमेंट मांगरोल के टेक्निकल हेड मुरली लड्डा, जेके सीमेंट निंबाड़ा एवं मांगरोल के एचआर हेड प्रभाकर मिश्रा मांगरोल सरपंच गोपाल रूल, हेड आई आर भुवनेश सिंह और राहुल कुमार सीएसआर हेड द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में जनरल फिजिशियन गायनिक डॉक्टर की व्यवस्था अनेक टेस्ट और फ्री मेडिसिन दिया गया है कार्यक्रम से डेढ़ सौ से अधिक लोग लाभान्वित हुए प्रत्येक लाभार्थी को व्यक्तिगत स्वास्थ्य परामर्श के साथ-साथ आवश्यक दवाइयां भी पूर्णतया निशुल्क प्रदान की गई ग्रामीण महिलाओं बुजुर्गों एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीनौ ने सुरेखा लाभ उठाया।

ग्राम वासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए जेके सीमेंट के प्रति आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे शिविरो के नियमित आयोजन की अपेक्षा जताई।

# बालोतरा में ट्रेलर से टकराई स्लीपर बस, 6 की मौत

## दो सगे भाइयों के सिर धड़ से अलग हो गए, सीटों से नीचे लटके शव

बढ़ता राजस्थान

**बालोतरा।** बालोतरा जिले के सरवड़ी गांव में नेशनल हाईवे-25 पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। स्लीपर बस ओवरटेक के दौरान सामने से आए ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में 6 लोगों की मौक पर ही मौत हो गई, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। ऐसे में मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का ड्राइवर साइड की तरफ का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस में से शव लटके नजर आए। 3 और 6 साल के दो सगे भाइयों के सिर धड़ से अलग हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

सूचना मिलते ही कल्याणपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। शवों को बालोतरा के नाहटा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।




**ओवरटेक करते समय सामने से आए ट्रेलर से टकराई बस**

बालोतरा एसडीएम अशोक कुमार ने बताया- हादसा शाम 4 बजे का है। बस जोधपुर से सांचौर की ओर जा रही थी, जबकि ट्रेलर जोधपुर की ओर आ रहा था। बस ड्राइवर आगे चल रही 2 गाड़ियों को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे ट्रेलर से ड्राइवर साइड का हिस्सा टकरा गया। हादसे में जान गंवाने वाले 5 लोगों की पहचान नरपत (50) निवासी चितलवाना (जालोर), नगाराम (38) निवासी सायला (जालोर), अनुशा (22) निवासी दांता (जालोर), शिवराज (3) और युवराज (6) पुत्र धारूराम निवासी बागोड़ा (जालोर) के रूप में हुई है। शिवराज और युवराज सगे भाई थे।

# राजस्थान- वीसी की नियुक्ति पर राज्यपाल को हाईकोर्ट का नोटिस

### तीन सप्ताह में मांगा जवाब; याचिका में कहा- कुलगुरु को 10 साल का टीचिंग अनुभव नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्यपाल और राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ वेटेनरी एंड एनिमल साइंसेज (राजुवास) के चांसलर (कुलाधिपति) हरिभाऊ बागडे को सेक्रेटरी के जरिए नोटिस जारी किया है। जस्टिस आनंद शर्मा की अदालत ने यह नोटिस डॉ. आर के बाघेरवाल की याचिका पर 25 फरवरी को सुनवाई करते हुए जारी किया। राज्यपाल से तीन सप्ताह में जवाब मांगा गया है। याचिका में राज्यपाल की ओर से की गई यूनिवर्सिटी के कुलगुरु (वाइस चांसलर) की नियुक्ति को चुनौती दी है। राज्यपाल ने डॉ. सुमंत व्यास को 4 सितंबर 2025 को वीसी नियुक्त किया था। याचिका में कहा गया कि वीसी की नियुक्ति नियमों के विपरीत की गई है, इसे रद्द किया जाए।

### सर्च कमेटी के चेयरमैन की नियुक्ति अवैध

अधिवक्ता दिनेश यादव ने अदालत को बताया कि राज्यपाल के आदेश से वीसी की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी का गठन करके 3 मई 2025 को नियुक्ति विज्ञापन निकाला गया। हमने कोर्ट को बताया कि यूजीसी के नियमों के तहत सर्च कमेटी का चेयरमैन उस यूनिवर्सिटी से जुड़ा नहीं होना चाहिए। लेकिन यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर त्रिभुवन शर्मा को कमेटी का चेयरमैन बना दिया। वे यूनिवर्सिटी के एनिमल न्यूट्रिशन विभाग के एचओडी रह चुके हैं।

### वीसी को 10 साल का टीचिंग अनुभव नहीं

वहीं, वीसी के पद पर नियुक्त डॉ. सुमंत व्यास भी 10 साल का टीचिंग अनुभव नहीं रखते हैं। ऐसे में वीसी की नियुक्ति पूरी तरह से अवैध है। ऐसे में नियुक्ति को रद्द किया जाए। इस पर अदालत ने राज्यपाल, यूनिवर्सिटी वीसी, रजिस्ट्रार और सरकार से जवाब मांगा है। बता दें कि डॉ. सुमंत व्यास ने वैज्ञानिक के रूप में राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र में सेवा दी है।

# शंकराचार्य के वकील को मिली जान से मारने की धमकी

### मोबाइल पर आया मैसेज, लिखा- बनारस कचहरी को बम से उड़ा देंगे, तुम्हें भी

बढ़ता राजस्थान

**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी उनके मोबाइल पर भेजे गए स्स्र से दी गई है। जिसमें वाराणसी कचहरी को भी बम से उड़ाने की धमकी है। फिलहाल इस संबंध में एडवोकेट श्रीनाथ त्रिपाठी ने आला अधिकारियों को सूचना दी है। बता दें कि पिछले 14 दिनों में यह चौथा मौका है। जब वाराणसी कचहरी को उड़ाने की धमकी दी गई है। फिलहाल जांच एजेंसियां इस मैसेज के बाद अलर्ट हैं। बता दें कि मंगलवार को भी धमकी भरा ईमेल मिला था। जिसके बाद सघन तलाशी अभियान जिला एवं सत्र न्यायालय वाराणसी में चलाया गया था। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य और वाराणसी कचहरी में फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी भरा एसएमएस मिलने से हड़कंप मच गया। बता दें शंकराचार्य के ऊपर लगे पाक्सो एक्ट के मामले को श्रीनाथ त्रिपाठी देख रहे हैं। ऐसे में उनको मैसेज आने के बाद अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। फिलहाल वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस अलर्ट मोड में है।

### कचहरी को भी दी बम से उड़ाने की धमकी

श्रीनाथ त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी भरे मैसेज में ही वाराणसी कचहरी को भी एक बार फिर धमाकों से दहलाने की धमकी दी गई है। यह पिछले 14 दिनों में चौथी बार है। ऐसे में स्थानीय पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड में है। अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने बताया - रात ढाई बजे उनके मोबाइल पर एक एसएमएस आया है जिसमें उन्हें और कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। सुबह 7 बजे मोबाइल पर देखा मैसेज इस बारे में अधिवक्ता श्रीनाथ त्रिपाठी ने कहा- आज सुबह जब मैं सोकर उठा, उसके बाद अपने मोबाइल के संदेश चेक कर रहा था।

# 3.80 लाख रुपए की रिश्वत लेते भू-अभिलेख निरीक्षक गिरफ्तार

### जमीन तकासमा के एवज में मांगे थे 5 लाख; एसडीओ के नाम पर भी मांग रहा था

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जयपुर पश्चिम वृत्त के भू-अभिलेख निरीक्षक (लैंड रिकॉर्ड इंस्पेक्टर) को शुक्रवार दोपहर अरेस्ट किया है। एसीबी टीम ने भू-अभिलेख निरीक्षक को 3.80 लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़ा है। जमीन तकासमा के एवज में घूसखोर निरीक्षक ने 5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। एसीबी टीम गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने के साथ ही ऑफिस और घर पर सर्च कर रही है।

डीजी (एसीबी) गोविन्द गुप्ता ने बताया- वृत्त जयपुर पश्चिम के भू-अभिलेख निरीक्षक अनिल कुमार को अरेस्ट किया गया है। एसीबी को परिवादी ने शिकायत दी कि उसकी पुश्तैनी जमीन के तकासमा करवाना था। तकाजमा काम को किए जाने के एवज में भू-अभिलेख निरीक्षक अनिल की ओर से रिश्वत देने का दबाव बनाया गया। आरोपी भू-अभिलेख निरीक्षक की ओर से 5 लाख रुपए की रिश्वत की डिमांड की गई। एसीबी की ओर से घूस को लेकर सत्यापन करवाया गया। वेरिफिकेशन के दौरान परिवादी को 20 हजार रुपए लेकर भेजा गया। रिश्वत के 20 हजार रुपए लेकर आरोपी निरीक्षक अनिल से 4 लाख रुपए में तकासमा करवाने का सौदा तय हुआ। जिसमें 1 लाख रुपए खुद के लिए और 3 लाख रुपए उपखण्ड अधिकारी जयपुर-प्रथम के लिए मांगना बताया। एसीबी की ओर से वेरिफिकेशन (सत्यापन) के बाद ट्रेप का आयोजन किया गया। एसीबी टीम ने शुक्रवार दोपहर रिश्वत के 3.80 लाख रुपए लेते आरोपी भू-अभिलेख निरीक्षक अनिल कुमार को रंगे हाथों धर-दबोचा लिया गया।

# यह सुनना अच्छा नहीं लगता कि हमारा समाज पुरुष प्रधान

### वसुंधरा राजे ने कहा- महिला प्रधान समाज क्यों नहीं, इसलिए भामाशाह नारी सशक्तिकरण योजना शुरू की थी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा है कि मुझे यह सुनना कभी भी अच्छा नहीं लगा कि हमारा समाज पुरुष प्रधान है। पुरुष को जन्म देने वाली तो नारी ही है। मेरे मन में सदा एक ही सवाल तैरता है कि पुरुष प्रधान समाज ही क्यों? महिला प्रधान समाज क्यों नहीं? इसीलिए मैंने 2008 में भामाशाह नारी सशक्तिकरण योजना शुरू कर महिलाओं को परिवार का मुखिया बनाया। ताकि हमारा समाज पुरुष प्रधान नहीं महिला प्रधान बन सके।

वसुंधरा राजे शुक्रवार को जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित कॉन्फिडरेशन ऑफ विमेन इंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया के राजस्थान चैप्टर की ओर से दो दिवसीय विमेंस इंटरनेशनल समिट ऑन एंटरप्रेन्योरशिप (वाईज) 2026 में बोल रही थीं। वसुंधरा राजे ने कहा- महिलाओं को पुरुषों के बराबर खड़ा करने के लिए ही पंचायत राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। उस




समय लोग इसके खिलाफ थे। अलग नजर से देखते थे। बोलते थे कि यह कैसे करेंगी, ये तो घूंघट में हैं। साइन नहीं कर सकती। आप उसके पांच साल बाद का नजारा देखिए, वे महिलाएं अच्छे से हस्ताक्षर कर रही थीं। पुरुष चाय बना रहे थे। उन्होंने कहा कि जो भी महिलाएं आज बेहतर मुकाम तक पहुंची है, वे जानती है कि उस मंजिल को पाने के लिए उन्हें कितना परिश्रम करना पड़ा। कितना धैर्य रखना पड़ा। महिलाओं को उन्नति की ऊंचाइयां पाने के लिए 3 गुना समय देना पड़ता है। पुरुषों के मुकाबले 3 गुना मेहनत करनी पड़ती है। तब जाकर महिलाओं को सफलता मिलती है।

# राजस्थान निवेश के लिए पूरी तरह तैयार

## उद्यमी निवेश कर राज्य के विकास में बनें सक्रिय भागीदार : शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान प्रौद्योगिकी, डिजिटल गवर्नेंस और स्टार्टअप इकोसिस्टम के क्षेत्र में भारत के अग्रणी राज्यों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान आज निवेश के लिए पूरी तरह तैयार है। सरकार द्वारा नीतियों और प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है, जिससे निवेशक आसानी से अपना उद्यम यहां स्थापित कर सके। उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे राजस्थान में निवेश कर राज्य के विकास में सक्रिय भागीदार बने तथा आत्मनिर्भर तथा विकसित भारत के विजन को साकार करें।

श्री शर्मा शुक्रवार को जयपुर के निजी होटल में आयोजित राजस्थान सी-साइड स्टार्टअप समिट-2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान आज सीमाओं से परे भी नवाचार और साझेदारी में आगे बढ़ रहा है। आर्मेनिया गणराज्य तथा सूचना प्रौद्योगिकी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह समिट इस पहल का सुखद परिणाम है। इस समिट के माध्यम से नवप्रवर्तक, निवेशक, नीति-निर्माता और उद्यमी जुड़कर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे और सीमाओं से परे परस्पर सहयोग का निर्माण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज इनोवेशन तथा उद्यमशीलता के क्षेत्र में नई ऊंचाईयां छू रहा है। उनका मानना है 'भारत के लिए नवाचार करें और भारत से नवाचार करें। हमारी सरकार प्रधानमंत्री के इसी सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।




### आई-स्टार्ट से प्रदेश में 3 हजार 450 से अधिक स्टार्टअप्स पंजीकृत

श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान एआई, डीपटेक और उभरती प्रौद्योगिकियों से लेकर मशीन लर्निंग, डेटा साइंस जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारी सरकार द्वारा पिछले दो सालों में आई-स्टार्ट के माध्यम से प्रदेश में 3 हजार 450 से अधिक स्टार्टअप्स पंजीकृत हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि एनिमेशन, गेमिंग, एक्सटेंडेड रियलिटी और कॉमिक्स जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अटल इनोवेशन स्टूडियो से स्मार्ट गवर्नेंस तथा बेहतर सेवा वितरण को प्रोत्साहन मिला है। वहीं, स्टार्टअप हब्स को टिंकरिंग लैब, डीप-टेक लैब्स, डेटा एवं एआई लैब्स से लैस करने के लिए बजट 2026-27 में बजट आवंटित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रदेश सतत औद्योगिक विकास की दिशा में तेजी से अग्रसर है। राजस्थान सेमीकंडक्टर पॉलिसी-2026 एवं राजस्थान एयरोस्पेस एंड डिफेंस पॉलिसी-2026 को कैबिनेट में अनुमोदन किया गया है। साथ ही, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना-2024 के अंतर्गत पात्र उद्यमों को प्रीमियम में 75 प्रतिशत की छूट की अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम और वन स्टॉप शॉप के ऑनलाइन पोर्टल राजनिवेश का एकीकरण किया गया है।

# चीफ इलेक्शन कमीशन बोले- तमिलनाडु में एक फेज में चुनाव होगा

### इसपर आखिरी फैसला जल्द करेंगे, एसआईआर के बाद राज्य में 5.67 करोड़ वोटर बचे

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई।** चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चेन्नई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कॉन्फ्रेंस ने शुक्रवार को कहा कि तमिलनाडु में एक फेज में ही चुनाव होगा। उन्होंने कहा कि इसपर आखिरी फैसला जल्द करेंगे।

सीईसी ने कहा कि तमिलनाडु इलेक्शन में रिकॉर्ड बनाएगा और बिहार से बहुत बेहतर होगा। उन्होंने राज्य के सभी वोटरों से आने वाले विधानसभा चुनावों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

उन्होंने कहा कि हाल ही में राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन(एसआईआर) कराया गया है। इसके बाद वर्तमान में यहां 5 करोड़ 67 लाख वोटर हैं। यहां 75,000 पोलिंग स्टेशन होंगे, जिनमें से 44,000 ग्रामीण इलाकों में होंगे। ट्रांसपेरेंसी पक्का करने के लिए हर पोलिंग बूथ पर 100% वेबकास्टिंग होगी।

**ज्ञानेश कुमार ने और क्या बताया**-हाल ही में चुनाव आयोग ने एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। इसमें 72 देशों के चीफ इलेक्शन कमिश्नर, इलेक्शन कमिश्नर और चुनावी स्टाफ ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में तमिलनाडु के 10वीं सदी के कुडावोलाई सिस्टम के बारे में जानकारी दी गई।

# सेहत को लेकर लापरवाही नहीं की : धनखड़

### कहा- स्वास्थ्य के लिए इस्तीफा दिया; मुझे दाढ़ी वालों से डर लगता है

बढ़ता राजस्थान

**सादुलपुर।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा- मैंने स्वास्थ्य के प्रति कभी लापरवाही नहीं बरती। इस्तीफा देते समय मैंने कभी नहीं कहा कि मैं बीमार हूं। मैंने कहा था कि मैं स्वास्थ्य को अहमियत दे रहा हूं, जो सभी को देनी भी चाहिए। उन्होंने ये बात चूरू के सादुलपुर में कांग्रेस सांसद राहुल कस्वां के आवास पर कही। राहुल कस्वां के पिता पूर्व सांसद रामसिंह कस्वां और मां कमला कस्वां की सेहत की जानकारी लेने के लिए पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ यहां पहुंचे थे। धनखड़ का यहां स्वागत किया गया। इस दौरान एक युवक ने उन्हें गुलदस्ता भेंट किया तो धनखड़ ने मजाकिया अंदाज में कहा कि मुझे दाढ़ी वालों से डर लगता है। इस पर उपस्थित लोग ठहाके लगाकर हंसने लगे।



**धनखड़ बोले- जब भी मेरे स्वास्थ्य का मुद्दा उठा, रामसिंह सबसे आगे रहे**-पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा- मैं रामसिंह जी के स्वास्थ्य के बारे में चिंता करते हुए यहां आया हूं। यह मेरी निजी यात्रा है। मैं अभिभूत हूं कि मुझे इतना सम्मान मिला। ये मेरे ऊपर एक कर्ज है। जब कभी मेरे स्वास्थ्य का मुद्दा उठा, रामसिंह जी सबसे आगे रहे।

कांग्रेस की पूर्व विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने भी पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। इस दौरान डॉ. कुलदीप पूनिया, सतवीर पूनिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# जूली बोले-एपस्टिन फाइल छोड़ो, उससे बड़ी फाइल की जांच करवाइए

## उदयपुर मामले में कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे, आरोपी और पीड़ित दोनों बीजेपी के

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में शुक्रवार को एप्रोप्रिएशन बिल पर बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- एपस्टिन फाइल को छोड़ दीजिए, उससे बड़ी फाइल है। मैं सदन की मर्यादा रख रहा हूं, वरना एक-एक की परत यहीं खुल जाएंगी। आप भले आदमी हैं, सच्चाई का साथ देना चाहते हैं तो इस पूरे प्रकरण की जांच करवाइए।

जूली ने कहा- कौन-कौन ऐसे लोग हैं चाहे बीजेपी के ही क्यों न हो उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। क्या बीजेपी के लोगों का यही कृत्य रह गया। मैं इसको बहुत गंभीर मानता हूं, ऐसे व्यक्तियों को सख्त सजा दिलानी चाहिए। उदयपुर मामले में कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है। पीड़िता और आरोपी दोनों भाजपा के हैं। जूली ने कहा- मुख्यमंत्री ने 2 साल बनाम 5 साल की बहस का प्रस्ताव देकर हिम्मत का काम किया था। आपकी हिम्मत की दाद देनी पड़ेगी। मुख्यमंत्रीजी आप तो पूरे राजस्थान के मुख्यमंत्री हो, आपको तैयारी करके आना पड़ेगा क्या? आपने 2 साल बनाम 5 साल बहस के लिए खुद प्रस्ताव दिया था, इसके बाद मुकर क्यों गए? जूली ने शायराना अंदाज में कहा- भाजपा की सरकार ने भट्ठा बैठा दिया, मिटानी थी गरीबी, गरीबों को मिटा दिया। जूली ने सीएम से कहा- मोदी की गारंटी का तो आपने कबाड़ा कर दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था कि मोदी मतलब गारंटी है। मोदी ने ही कहा था कि किसी जनहित की कांग्रेस की स्कीम को बंद नहीं किया जाएगा। मोदी का गुब्बारा या तो ट्रंप ने फोड़ा या फिर आपने फोड़ा है। गिग वर्कर कानून, राजीव गांधी स्कॉलरशिप, स्मार्ट फोन योजना बंद कर दी। चिरंजीवी, आरजीएचएस का भुगतान नहीं कर रहे।



**विधायक बोले- रोडवेज को बंद कर दीजिए**

कांग्रेस विधायक घनश्याम मेहर के सवाल के जवाब परिवहन मंत्री डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि यात्रीभार कम होने की वजह से नादौती टोडाभीम क्षेत्र मं रोडवेज बस नहीं चलाई गई। इस पर मेहर ने कहा कि प्राइवेट बसों से रोडवेज कंडक्टरों की मिलीभगत है। एक तोकंडक्टर टिकट नहीं काटते, प्राइवेट बसों से मिले रहते हैं। रोडवेज का भट्ठा बैठा दिया, फिर तो बंद ही कर दीजिए। इसके जवाब में डिप्सी सीएम प्रेम चंद बैरवा ने कहा- रोडवेज का भट्ठा तो इन्होंने बैठा दिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेल: badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।